दैनिक
# क्यूं न लिखूं सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 03
अंकः-311
मुरादाबाद
03 March 2024
(Saturday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी का तेजस्वी पर तंज, कहा-विरासत में कुर्सी तो मिल गई, पर इस चीज का जिक्र करने की हिम्मत नहीं



पीएम मोदी ने कहा है कि मैंने तो सुना है कि इनकी पार्टी के बड़े-बड़े नेता भी इस बार बिहार में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार ही नहीं हो रहे हैं। सब भाग रहे हैं। वह राज्यसभा की सीटें खोज रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औरंगाबाद की जनसभा में लालू परिवार पर जमकर हमला बोला है। बिना नाम लिए उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनके बेटे तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की शक्ति बढ़ने के बाद परिवाद की राजनीति हाशिये पर जाने लगी है। परिवारवादी राजनीति की एक और विडंबना है कि मां-बाप से विरासत में पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है लेकिन मां-बाप की सरकारों के काम-काज का एक बार भी जिक्र करने की हिम्मत नहीं होती है।

यह परिवादी पार्टी की हालत है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औरंगाबाद की जनसभा में लालू परिवार पर जमकर हमला बोला है। बिना नाम लिए उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और उनके बेटे तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की शक्ति बढ़ने के बाद परिवाद की राजनीति हाशिये पर जाने लगी है। परिवारवादी राजनीति की एक और विडंबना है

कि मां-बाप से विरासत में पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है लेकिन मां-बाप की सरकारों के काम-काज का एक बार भी जिक्र करने की हिम्मत नहीं होती है। यह परिवादी पार्टी की हालत है।बिहार को लूटने का सपना देखने वालों के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं कहा कि मेरे लिए बिहार आना कई मायनों में खास है। अभी कुछ दिन पहले ही जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिला है।

यह सम्मान बिहार के गौरव को मिला है। अभी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। स्वाभाविक है कि सबसे ज्यादा खुशी माता सीता की धरती पर मनाई गई होगी। बिहार में डबल इंजन की सरकार अब विकास की रफ्तार पकड़ चुकी है। इस समय बिहार की जनता में काफी उत्साह है। अब बिहार को लूटने का सपना देखने वालों के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक वह दौर था कि बिहार के लोग अपने ही घर से बाहर निकलने से डरते थे। एक यह दौर है जब बिहार में पर्यटन को बढ़ावा मिला। विकास की गंगा बह रही है।

## भाजपा पर बरसीं डिंपल यादव: बोलीं- बेरोजगार युवा पेपर लीक होने से हताश, लोकतंत्र खत्म करना चाहती है बीजेपी




मैनपुरी पहुंची सासंद डिंपल यादव भाजपा पर जमकर बरसीं। कहा कि आज बेरोजगार युवा पेपर लीक होने से हताश और निराश है। वहीं भाजपा लोकतंत्र खत्म करना चाहती है। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में शनिवार को सांसद डिंपल यादव पहुंची। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ बैठककर चुनाव की रणनीति बनाई। मीडिया से बातचीत में भाजपा को निशाने पर लिया। रोजगार, पेपर लीक, किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है।

चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में क्या हुआ, यह सबने देखा। कहा कि मैनपुरी नगर पालिका के चुनाव में सपा प्रत्याशी को जबरन हराया गया। कहा कि आज युवा बेरोजगार और निराश है। उन्होंने कहा कि वह पेपर लीक होने से हताश हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में सपा को जिताकर संविधान बचाने की अपील की। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह द्वारा 80 सीटें जीतने के बयान पर कहा कि वह अपना काम करें, हम अपना काम करेंगे।

### संक्षिप्त समाचार

#### बिजनौर में हादसों का कहर: मां-बेटा समेत चार की मौत, परिवारों में मचा कोहराम, हर तरफ छाया मातम

बिजनौर में अलग-अलग हादसों में मां-बेटा समेत चार लोगों की मौत हो गई। चार लोगों की मौत से परिवारों में कोहराम मचा है। बिजनौर के अफजलगढ़ में बाइक सवार मां-बेटे को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि उसके बेटे की अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई। वहीं, अलग-अलग जगह हुए अन्य हादसों में भी दो बाइक सवारों की मौत हुई। जिनके परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। शनिवार की सुबह शेरगढ़ निवासी वेदप्रकाश ( 40 ) पुत्र नोबहार सिंह अपनी मां विद्या देवी ( 65 ) के साथ बाइक पर सवार होकर सुरजननगर के निकला। गांव से निकलकर मुख्य मार्ग पर कुछ दूर चलते ही उनकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में वेदप्रकाश और उसकी मां विद्या देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को परिजन उपचार के लिए काशीपुर ले जा रहे थे, वेदप्रकाश की रास्ते में मौत हो गई। वहीं, घायल विद्या देवी की उपचार के दौरान काशीपुर में निजी अस्पताल में मौत हो गई। घटना से मृतक के परिजनो में कोहराम मचा है।उधर, दूसरा हादसा शुक्रवार की देर शाम हुआ। रेहड़ थाने के गांव हसनपुर निवासी सुशील कुमार 63 वर्ष बाइक से अपने पुत्र को लेने के लिए भूतपुरी आ रहा था,

## सीएम योगी ने सांसद व विधायकों से कहा, चुनाव के पहले क्षेत्र के लोगों को कराएं रामलला के दर्शन



गोरखपुर में सीएम योगी ने शनिवार को 38 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। 954 करोड़ रुपये से अधिक की 35 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। 52 करोड़ रुपये से अधिक की 13 परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। बताया, प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या श्रीराम मंदिर में एक माह में 65 लाख श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए हैं। जातीय राजनीति और झूठे वादे करने वाले राजनीतिक दलों पर शाब्दिक प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार न तो जाति का सहारा लेती है और न ही झूठे वादे करती है। हमने जो कहा उसे करके दिखाया है और आगे भी जो कहेंगे, उसे पूरा करके दिखाएंगे। सीएम योगी शनिवार दोपहर महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित समारोह के 1006 करोड़ रुपये की 48 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विकास करते हुए हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, आस्था के सम्मान, आजीविका, हरेक क्षेत्र में दुनिया नए भारत का दर्शन कर रही है, भारत की ताकत को प्रतिष्ठित कर रही है। देश के विकास की ही तरह यूपी का तीव्र विकास हुआ है लोगों की उत्तर प्रदेश के प्रति धारणा बदल चुकी है। अब कोई यूपी को हेय दृष्टि से नहीं देखता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में इतने विकास कार्य इसलिए हो रहे हैं कि यहां डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड में काम करती है और इस कारण देश उत्साह और उमंग से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह जनता जनार्दन ने मोदी जी के नेतृत्व में 2014, 2017, 2019 और 2022 में आंख बंद कर समर्थन दिया, वैसे ही तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने का संकल्प लेकर कार्य किया जाना चाहिए।कास की तेजी जैसी होनी चाहिए मोदी जी पर आशीर्वाद की बरसात- सीएम योगी ने कहा कि नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर और तेजी से बढ़ें, नागरिक सुविधाओं का विस्तार हो, गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, किसानों सम्मान बढ़े, इसके लिए हर स्तर पर समान विचारधारा की सरकार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस तेजी से विकास के कार्य हुए हैं, उसी तेजी से चुनाव में मोदी जी के प्रति समर्थन में आशीर्वाद की बरसात भी होनी चाहिए। विकास के लिए बैरियर नहीं, ब्रेक थ्रू की जरूरत- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास के लिए बैरियर नहीं, ब्रेक थ्रू की जरूरत होती है। बैरियर की बजाय ब्रेक थ्रू के लिए तीसरी बार भी मोदी सरकार आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि समान विचार के लोग शासन के सभी स्तरों पर नहीं होंगे तो वे विकास में बैरियर का काम करेंगे। इसलिए केंद्र, राज्य, नगर निकाय, जिला पंचायत, विकास खण्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर समान विचार वाला नेतृत्व होना चाहिए। जातिवादी सरकारों को सिर्फ अपने परिवार की चिंता सीएम योगी ने कुछ राजनीतिक दलों का नाम लिए बिना उन पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि जातिवादी सरकारें न घर की रहीं न घाट की। उन्होंने सिर्फ अपने परिवार और उसमें भी भाई, बेटा, भतीजा आदि की ही चिंता की। ऐसी सरकारों ने सबके जीवन के साथ खिलवाड़ किया। नौजवानों, किसान, व्यापारी, बेटी सबके हितों पर कुठाराघात किया, सुरक्षा को खतरे में डाला। आज गोरखपुर में सबकुछ मौजूद- गोरखपुर के लोगों को नई विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज क्या नहीं है गोरखपुर में। गोरखपुर के पास सबकुछ मौजूद है। यहां सब की पसंद की चौड़ी सड़के हैं। एम्स बन चुका है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज सुदृढ़ हो गया है और आयुष विश्वविद्यालय बन रहा है। खाद कारखाना और पिपराइच चीनी मिल चल रही है। रामगढ़ताल फिल्मों की शूटिंग के साथ परिवार और मेहमानों को घुमाने का स्थल बन गया है। गोरखपुर में चिड़ियाघर भी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने श्रमिकों के बच्चों को पढ़ने के लिए अटल आवासीय विद्यालय बनवाया है। युवाओं को तकनीक दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टेबलेट वितरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज की कुछ प्रमुख परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि कौड़ीराम गजपुर मार्ग के शिलान्यास के साथ ही बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। साथ ही सिविल एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग के लिए एमईएस को शिफ्ट करने के कार्य का भी आज शिलान्यास किया गया है। चुनाव की घोषणा से पहले सबको कराएं अयोध्या के दर्शन- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आई चहल पहल का उल्लेख करते हुए बताया कि एक माह में 65 लाख श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन किए हैं। उन्होंने सांसद व विधायकों का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव की घोषणा से पूर्व अपने क्षेत्र के सभी लोगों को अयोध्या के दर्शन करा दें। उन्होंने कहा कि नब्बे के दशक के आंदोलन में नारा था कि रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। तब सरकारें नारा लगाने पर प्रताड़ित करती थीं। आज रामलला आ गए हैं तो यह सरकार कहती है कि हम सबको दर्शन कराकर लाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण तथा काशी में विश्वनाथ धाम के कायाकल्प की कल्पना तक नहीं की जाती थी, लेकिन ये दोनों कार्य हकीकत हैं। आज अयोध्या में जाने पर लगता है कि त्रेतायुगीन अयोध्या में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार न होने पर इन कार्यों में काफी दिक्कत आती। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को होली की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि सभी लोग धूमधाम और सौहार्दपूर्ण तरीके से होली मनाने के साथ ही मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें। रवि किशन ने कहा, सीएम योगी के मार्गदर्शन में नजीर पेश कर रहा गोरखपुर लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोरखपुर विकास के पैमाने पर पूरे देश में नजीर पेश कर रहा है। अब गोरखपुर में निवेश है, रोजगार है और अच्छी शिक्षा व्यवस्था है। सीएम योगी के शासन में सुरक्षा का ऐसा माहौल बना है कि हर बहन-बेटी उन्हें धन्यवाद देती है। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, कुशीनगर के सांसद विजय दूबे, विधायक विपिन सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। लाभार्थियों को सम्मानित किया सीएम योगी ने कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, पीएम स्वनिधि योजना, कृषि एवं उद्यान विभाग की योजनाओं, ओडीओपी योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व किट प्रदान कर सम्मानित किया। 35 विकास परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास, 13 का लोकार्पण- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर को 1006 करोड़ रुपये की जिन 48 विकास परियोजनाओं की सौगात दी उनमें करीब 954 करोड़ रुपये से अधिक की 35 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 52 करोड़ रुपये से अधिक की 13 परियोजनाओं का लोकार्पण शामिल है। लोकार्पण और शिलान्यास की परियोजनाओं में बहुतायत बाढ़ बचाव, फ्लाई ओवर, सड़क एवं नाली निर्माण, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आवासीय एवं अनावासीय भवनों का निर्माण, एमईएस ऑफिस की शिफ्टिंग, पर्यटन विकास के कार्य सम्मिलित हैं। इन प्रमुख परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास- एचएन सिंह चौराहे से हड़हवा फाटक होते हुए गोरखनाथ मंदिर तक मार्ग का ( 4.230 किमी ) टू/फोरलेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य - लागत 245.44 करोड़ रुपये। हड़हवा फाटक समपार संख्या 2 स्पेशल, पर फोरलेन फ्लाईओवर का निर्माण - लागत 201 करोड़ 24 लाख रुपये। बरगदवा-कौआबाग जेल बाईपास फोरलेन मार्ग के पादरी बाजार चौराहे पर फोरलेन फ्लाईओवर का निर्माण -लागत 98 करोड़ 34 लाख रुपये। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान पर पैवेलियन ( फेज-2 ) का निर्माण - लागत 22 करोड़ 22 लाख रुपये।

## संपादकीय Editorial

# 'India' on PM's target

Of course, Nitish Kumar's joining BJP may not have a major impact on national politics, because his politics has been limited to Bihar only, but he can change the concept of politics. The concept of an opposition alliance that could have been formed across the country may now disintegrate. In other words, it is on the verge of disintegration. Targeting Prime Minister Modi, Nitish himself had called upon the opposition that if they fight the elections unitedly, BJP can be restricted to 100 seats. Although this call was also an exaggeration, Nitish himself had appealed as the anchor that no opposition alliance can prove to be effective without making Congress the pivot, because it is the largest party in the opposition and its comprehensiveness is also undoubted. He continued his efforts to build a common platform by meeting everyone from Sonia-Rahul Gandhi, Mallikarjun Kharge to Mamata Banerjee, Kejriwal, Naveen Patnaik, Chandrashekhar Rao, Akhilesh Yadav and Left leaders.

In fact, the opposition alliance 'India' is the result of Nitish's political efforts. It is true that he did not agree with this nomenclature. The question is, why was the person who till yesterday was the leader of the opposition, not even made the coordinator of the alliance? Was Nitish marginalized due to disagreements on the issue of caste enumeration and contradictions in reservation? Neither did he have the desire to become Prime Minister nor was his party big enough to claim the post of Prime Minister. In fact, the contradictions which deepened between the Congress and the socialist parties in the 1970s are still present, although the Congress has been supporting the governments of these parties for the last few decades. Today, the opposition is forced to form an alliance with their support and cooperation.

Even in India, Congress is doing politics of strengthening itself by riding on the shoulders of regional parties. As a result, Mamata Banerjee, Kejriwal have given statements of not forming an alliance and Nitish Kumar has changed sides and gone with BJP.

In Uttar Pradesh, SP President Akhilesh Yadav had announced to give 11 seats to Congress, but Congress is still adamant on taking 16 seats and is terming the announcement of SP President as 'immature'. However, the notion of alliance that was being formed across the country has definitely been shattered after Nitish Kumar changed sides.

The election strategy of Prime Minister Modi and BJP is different. In fact, 'India' has been the target of Prime Minister Modi, so that 'Modi versus the common face of the opposition' elections cannot be held. Inside sources claim that between September and January, there were 9 talks between the Prime Minister and Nitish.

The Prime Minister had formally spoken to Nitish thrice. Obviously, apart from changing sides, there must have been talk about disintegrating the opposition alliance! 'India' has not yet been solidified as an alliance, but as per the Prime Minister's strategy, BJP is including even the smallest parties, so that the holes and gaps that remain at the caste and regional level can be filled.

Can go and be elected Prime Minister of NDA for the third consecutive time. Nitish Kumar has been a strong leader of the 'Lower-OBC' community. He also has the support of a section of Dalits. BJP wants to cultivate this class.

# Vigilance: Fencing is necessary on Myanmar border to curb China

When the army carried out a coup in Myanmar on February 1, 2021, India adopted a cautious approach. India had supported the junta diplomatically and indirectly, while refraining from openly supporting the democratic forces led by Aung San Suu Kyi, which has now put it in a dilemma. India faces the challenge of curbing China, which is dangerous because it supports some ethnic groups. Due to the influx of refugees and rebels from across the border due to the ongoing civil war in Myanmar, the Indian government has decided to fence the Myanmar border, so that the free movement system like the Bangladesh border is ended. In September 2023, Manipur Chief Minister Biren Singh had requested the Union Home Minister to stop infiltration of suspicious elements and refugees. Due to the turmoil and violence in Myanmar, more than 6,000 refugees have taken shelter in Manipur since last December and they are being provided food by the state government. Manipur shares a 398 km long border with Myanmar. Once the fencing process is completed, the free movement regime (FMR) introduced in 1970 will end. But the problem is that Mizoram Chief Minister Lalduhoma has opposed the fencing and has requested Prime Minister Narendra Modi and External Affairs Minister S Jaishankar in this regard. More than 38,500 people from Myanmar have taken refuge in Mizoram since the military coup in February, 2021, increasing the burden on the state administration. More than 500 Myanmar soldiers had crossed into Mizoram after the ethnic Akram Army (AA) captured military camps in western parts of Rakhine state. India's north-eastern states, including Manipur, Mizoram, Arunachal Pradesh and Nagaland, share a 1,643 km long open mountainous border with Myanmar, posing security problems and requiring preventive measures. Given Maldivian President Mohammed Muizzu's close relationship with China, India has been given the opportunity to help Myanmar in the name of the Belt and Road Initiative (BRI), besides supporting rebels in the border areas by brokering peace between warring groups and army generals in violence-hit Myanmar. To protect it from the Chinese strategy of coming closer, there is a need to develop a realistic strategic blueprint in line with the policy of 'neighbourhood first'. When the army carried out a coup in Myanmar on February 1, 2021, India adopted a cautious approach. India had supported the junta diplomatically and indirectly, while refraining from openly supporting the democratic forces led by Aung San Suu Kyi, which has now put it in a dilemma. India faces the challenge of curbing China, which is dangerous because it supports some ethnic groups. In this complex scenario, Operation 1027 was launched in December 2023 by 'The Three Brotherhood Alliance', comprising Ta'ang National Liberation Army, AA and Myanmar National Democratic Alliance Army, which toppled the junta. The offensive against the junta had dealt it a devastating blow, forcing China to support it. 'The Three Brotherhood Alliance' had captured key roads and military posts, affecting the cash-strapped junta's revenues and hindering its movement. Reports indicate that the AA launched a offensive against the army at its base in Rakhine state on the west coast following the surprise attacks on Shan State. It was a coordinated effort by the rebels spanning Kayah state bordering Thailand in the east and Sagaing region and Chin province bordering India. This was a violation of a year-long ceasefire between armed groups and the junta. This bold move threatens the military's control over China's important trade routes, which will affect its interests. The alliance has succeeded in isolating the junta from a part of the country through which 40 percent of Myanmar's bilateral border trade with China passes; Nearly one billion dollars is traded in piped natural gas to China. India will have to reconsider its previous position towards Myanmar before it threatens its interests. India believes that the US should take advantage of the opportunity to enhance relations with Myanmar and work with India to reduce the humanitarian crisis, thereby supporting anti-junta forces and establishing federal democracy. India has tried to maintain an equal distance from the military and pro-democracy political parties to ensure that the junta does not side with China. The armed rebellion of ethnic organizations has dealt a diplomatic blow to the exposed military generals, which will have a direct impact on China. The Ukraine war came as a boon for the junta, as the US and the EU were engaged in it. Hamas' attack on Israel has diverted the attention of Western powers from Myanmar, but the attack by armed groups could change the entire scenario. The National Unity Government (NUG), formed by opposition lawmakers in Myanmar, is considered close to the West, which is feeling emboldened after the successful offensive by armed groups. China has urged Myanmar to restore stability on the border, while the junta's conflict with armed groups has intensified. some time ago Janayik is surprised by the 'dual policy' adopted by China, which is actively supporting militant groups. The United Wa State Army (UWSA) in Myanmar's northeastern Shan state receives arms and political support from China. The Myanmar regime has rejected the five-point consensus agreement adopted in Jakarta on April 24, 2021. This included the prevention of violence in Myanmar, the visit of a special envoy and talks between all stakeholders. Military generals have chosen to ignore ASEAN peace initiatives, which have stalled. The West is pressuring ASEAN to isolate Myanmar's junta.

# The challenge of inequality is increasing towards reaching the heights of development

Workers have less income to save and invest, further exacerbating inequality. UNDP also says that the most vulnerable people include people working in the informal sector (especially women). At the same time, inequality has increased further due to corruption, weak tax policy and administration as well as lack of effective social security. Despite growing global challenges and economic uncertainty, India is in a good position. Some people may be excited about the future. But we should not underestimate the obstacles and challenges that come along the way. This can be India's decade or India's century only when there is rapid improvement in the quality of life of all Indians, equality of opportunities and adequate skills to take advantage of those opportunities. There are some challenges to reach the heights of development, which need to be addressed. The first challenge is that India's success story is uneven. Many Indians are certainly in a better situation today than they were years ago, but millions of people are still fighting for their survival. The United Nations Development Programme's 2024 report 'Making Our Future - New Directions for Human Development in Asia and the Pacific' states that 'Looking at the share of the top 10 per cent of people in wealth, Thailand, China, Myanmar, India and Sri Lanka are the countries with the highest economic inequality. The report notes that 'Globalization and technological progress have created new opportunities for some groups, while leaving others behind. As a result, capitalists generally get a larger share of the national income.' Now take International Labor Organization data, which shows that workers' income shares in Asia and the Pacific are lower than the global average. As a result, workers have less income to save and invest, further exacerbating inequality. UNDP also says that the most vulnerable people include people working in the informal sector (especially women). At the same time, inequality has increased further due to corruption, weak tax policy and administration as well as lack of effective social security. Now if we see where India stands in this, according to the UNDP report, in recent decades India has significantly improved the standard of living and poverty has reduced significantly, but inequality is increasing. . According to the report, 'Between 2000 and 2022, per capita income will increase from $442 to $2,389. And between 2004 and 2019, the poverty rate (based on the international poverty measure of $2.15 per day) fell from 40 to 10 percent. Furthermore, the share of the population living in multidimensional poverty fell from 25 to 15 per cent between 2015-16 and 2019-21. Despite these successes, poverty continues to be concentrated in states where 45 percent of the country's population lives, and where 62 percent of people are poor. Groups just above the poverty line are also in a very vulnerable situation and are at risk of slipping back into poverty. These include women, informal workers and interstate migrants. According to the report, the top 10 per cent of the population gets 57 per cent of the national income and the top 1 per cent of the population gets 22 per cent, which clearly shows the unequal distribution of income. Another big challenge is to bridge the gender divide, as women constitute only 23 percent of the labor force. There are many reasons for this. As the recently released Annual Status of Education Report (ASER) 2023 shows, girls are keen to study and aspire to higher education, but there are still many structural barriers that prevent them from realizing their full potential. This is a very worrying picture, which appears differently in different districts and states. Work should also be done on improving basic financial inequality, so that the lives of people from the lower strata can be enriched and they too can be entitled to live a better life. If we want India to develop to its full potential and create new steps of success every day, then it is very important for both the Center and the State to implement these things and take steps in this direction.Now if we see where India stands in this, according to the UNDP report, in recent decades India has significantly improved the standard of living and poverty has reduced significantly, but inequality is increasing. . According to the report, 'Between 2000 and 2022, per capita income will increase from $442 to $2,389. And between 2004 and 2019, the poverty rate (based on the international poverty measure of $2.15 per day) fell from 40 to 10 percent. Furthermore, the share of the population living in multidimensional poverty fell from 25 to 15 per cent between 2015-16 and 2019-21. Despite these successes, poverty continues to be concentrated in states where 45 percent of the country's population lives, and where 62 percent of people are poor. Groups just above the poverty line are also in a very vulnerable situation and are at risk of slipping back into poverty. These include women, informal workers and interstate migrants. According to the report, the top 10 per cent of the population gets 57 per cent of the national income and the top 1 per cent of the population gets 22 per cent, which clearly shows the unequal distribution of income.

## कच्ची शराब बनाने के आरोपियों को पकड़ने गए दो कांस्टेबलों को बंधक बनाकर पीटा, सात लोगों पर FIR

मुरादाबाद। कांठ थाना क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने वालों को पकड़ने गए दो कांस्टेबलों को आरोपियों ने बंधक बनाकर जमकर पीटा। इसमें एक कांस्टेबल की हालत काफी गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जिसे डॉक्टर ने इलाज के बाद शनिवार सुबह छुट्टी दे दी है। इस मामले में कुछ महिलाओं समेत सात आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई है। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। फिलहाल, घटना के दूसरे दिन भी नामजद अभियुक्तों में से किसी एक को भी पुलिस शनिवार दोपहर तक गिरफ्तार नहीं कर पाई थी। थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। थानाध्यक्ष ने उम्मीद जताई है कि शाम तक गिरफ्तारी हो जाएगी। पूरा मामला उमरी कला डेहरा गांव का है। शुक्रवार रात करीब 9-30 बजे कच्ची शराब बिकने और बनने की सूचना पर कांस्टेबल विजय कुमार और सर्वेश कुमार बाइक से पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि कांस्टेबलों ने अपनी बाइक जसवंत उर्फ खन्ना के मकान के सामने खड़ी की थी। बताया जा रहा है कि गांव के लोग पुलिस पर पहले से ही नाराज चल रहे थे। चूंकि, पुलिस ने 28 जनवरी 2024 को आरोपियों के परिवार के ही वीर सिंह पुत्र खेम सिंह को कच्ची शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया था और उसे जेल भेज दिया था। शुक्रवार रात को हुई घटना का भी यही मुख्य कारण माना जा रहा है।

इसी घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी थी और जैसे ही उन्होंने अपने दरवाजे पर पुलिस कर्मियों को आते देखा, तुरंत वह लोग उन दोनों कांस्टेबलों को पकड़ कर घर के अंदर खींच ले गए और वहां जमकर मारापीटा। दोनों कांस्टेबल काफी चोटिल हो गए थे। इसमें एक कांस्टेबल सर्वेश कुमार तो काफी गंभीर रूप से घायल हुए थे। उन्हें रात में ही लाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है की मारपीट के दौरान जब दोनों कांस्टेबल ने काफी कुछ शोर मचाया तो गांव के कुछ लोग आ गए थे और बीच बराव किया था, इसमें उनकी जान बची। आरोपियों के बंधक से मुक्त होने पर कांस्टेबल ने थाने में खबर की। जिस पर छजलैट और कांठ थाने की फोर्स मौके पर पहुंची थी। फोर्स आने से पहले ही हमला करने वाले आरोपी घर छोड़कर मौके से फरार हो गए थे। हेड कांस्टेबल ने सात लोगों की विरुद्ध दर्ज कराई एफआईआर- हेड कांस्टेबल विजय कुमार ने घटना के संबंध में सात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें मुख्य आरोपी जसवंत उर्फ खन्ना, देशराज, जीवन, अंकित, उषा, निपेंद्र और रतिया नामजद हुए हैं। घटना छुपाते रहे थानाध्यक्ष कांठ थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह घटना को सार्वजनिक नहीं होने दिया। यहां तक कि उन्होंने मीडिया कर्मियों से भी पुलिस कर्मियों पर किसी भी तरह का कोई हमला न होने की बात कहीं। हमले के मामले में कुछ लोगों पर दर्ज हुई फिर की बात पर उन्होंने घटना स्वीकारी और कहा कि घायल कांस्टेबल सर्वेश कुमार को डॉक्टर ने इलाज के बाद छुट्टी दे दी है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना में नामजद हुए सात अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहे हैं, पुलिस लगातार दबिश दे रही है। उम्मीद जताई कि शाम तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो जाएगी।

## अमरोहा में दिल्ली के कंझावला जैसा हादसा: टैंकर ने बाइक सवार दो दोस्तों को मारी टक्कर, एक को 3.5 KM घसीटा, मौत

मुरादाबाद। पुलिस ने क्षतिग्रस्त टैंकर और बाइक को कब्जे में ले लिया। वही, टैंकर नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के खेड़ा गांव निवासी हारिस (26) और उसके दोस्त मोहम्मद नदीम (30) को टैंकर चालक ने कुचल दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। भागने के चक्कर में टैंकर चालक बाइक और हारिस को साढ़े तीन किलोमीटर दूर तक घसीटता हुआ ले गया। इस दर्दनाक हादसे ने दिल्ली के कंझावला कांड की याद दिला दी, जिसमें एक लड़की को कार सवार ने टक्कर मारने के बाद करीब 10 किलोमीटर घसीटा था। अमरोहा में हुए दर्दनाक हादसे में हारिस की गर्दन कट कर दूर जा गिरी, जबकि उसकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में टैंकर भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने केबिन का शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में क्षतिग्रस्त दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त टैंकर और बाइक को कब्जे में ले लिया।




वही, टैंकर नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ये हादसा शुक्रवार की रात नौगांवा सादात अमरोहा रोड स्थित पीला कुंड गांव के सामने हुआ। मृतक हरीश सऊदी अरब में नौकरी करते थे। कुछ दिन पहले ही अपने घर लौटे थे। जबकि मोहम्मद नदीम नौगांवा सादात के मोहल्ला नई बस्ती स्थित फिर्दोष मस्जिद में इमामत करते थे। दोनों दोस्त थे। शुक्रवार की रात करीब 11 बजे दोनों बाइक पर सवार होकर नौगांवा सादात से घर जा रहे थे। बाइक हारिस चला रहा था। उन्होंने हेलमेट भी लगा रखा था। जैसे ही उनकी बाइक पीलाकुंड गांव के सामने पहुंची तभी सामने से आ रहे टैंकर के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान मोहम्मद नदीम की मौके पर मौत हो गई। जबकि हारिस और उसकी बाइक टैंकर के अगले हिस्से में फंस गई। भागने के चक्कर में टैंकर चालक दोनों को घसीटता हुआ साढ़े तीन किलोमीटर दूर बादशाहपुर इंटर कॉलेज तक ले गया। यहां पहुंचने के बाद अचानक टैंकर और नियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही नौगांवा सादात थानाध्यक्ष पंकज तोमर, एसएसआई परविंदर मलिक फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की। टैंकर के केबिन का शीशा तोड़कर चालक को बाहर निकाल और अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के समय मृतक हारिस की गर्दन धड़ से अलग हो गई। छानबीन करने के बाद पुलिस ने हारिस और मोहम्मद नदीम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने कैंटर के आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी चालक ने अपना नाम पृथ्वी सिंह निवासी रेहटी जागीर थाना नूरपुर जनपद बिजनौर बताया। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि मामले में मृतक हारिस के चाचा तस्लीम अहमद की तहरीर पर टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजातंत्र पहुंचे मुरादाबाद हिंदू राष्ट्र की मांग




अजहर अली
क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के दिल्ली रोड स्थित एक निजी होटल में आज संत रविदास जयंती के मौके पर विश्व हिंदू महासंघ की और से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजातंत्र ने पहुंचकर हिंदू राष्ट्र की मांग की इसके साथ ही विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी ने जय श्री राम भारत माता की जय अन्य नारे लगाए और आगामी अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की कार्यक्रम में अन्य जनपदों से भी पदाधिकारी पहुंचे

## महानगर के 50 वार्डों में अब नई एजेंसी उठाएगी कूड़ा, सुधरेगी प्रकाश व्यवस्था

मुरादाबाद। आठ महीने में किया 2400 कार्य, हर दिन दस कार्य कराकर कराया महानगर का विकास कार्य, मोदी की गारंटी विकसित भारत विकसित मुरादाबाद की महापौर ने गिनाई प्राथमिकता महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि महानगर में चहुंमुखी विकास कर रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य पर आगे बढ़ रहे हैं। महानगर के जिन 50 वार्डों में अब तक घर-घर कूड़ा उठान के लिए कोई एजेंसी नहीं थी। इसमें अब एक नई एजेंसी को कार्य दे दिया गया है



जो इन वार्डों में जाकर घर-घर से कूड़ा एकत्रित करेगी। यह बातें महापौर ने शनिवार को अपने पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद स्मार्ट सिटी देश के 100 विकसित महानगरों में विकास कार्य 80 प्रतिशत काम पूरा कर शामिल करा दिया है। जून तक स्मार्ट सिटी मिशन की सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके वर्तमान कार्यकाल के 8 महीने अर्थात 240 दिन में 2400 काम कराए हैं। उन्होंने बताया कि चार मार्च को नगर निगम बोर्ड की बैठक के बाद छह मार्च को 15वें वित्त संबंधी बैठक होगी।

जिसमें टाइड फंड से 19.76 करोड़ रुपये से काम को आगे बढ़ाने के लिए मंजूरी दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि टाइड मद में 19.76 करोड़ रुपये मिले हैं। जिससे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व सफाई के कार्य होंगे। जबकि अनटाइड फंड के 13.76 करोड़ रुपये मिले हैं। इन धनराशि से हर वार्ड में 25 लाख रुपये से कराए जाएंगे। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए महानगर में साइड पटरी विकसित करने का 60 करोड़ रुपये से कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा 24 करोड़ 50 लाख रुपये के पांच कार्य सीएम ग्रिड से कराए जाएंगे। अब महानगर में पथ प्रकाश व्यवस्था और सुदृढ़ किया जाएगा। 7000 नयी लाइटों का टेंडर स्वीकृत नगर आयुक्त ने कर दिया है। मुरादाबाद महानगर को चमकाया जाएगा। पथ प्रकाश विभाग को हाईमास्ट लाइट का प्रस्ताव 12.5 मीटर के 50 हाईमास्ट लाइटें लगेंगीं। महानगर के कई वार्डों में कूड़ा उठान व्यवस्था न होने से निजी व्यक्तियों के द्वारा मनमाने तरीके से कार्य करने व जहां तहां कूड़ा डंप करने से महानगर में सफाई व्यवस्था को और बिगाड़ने के सवाल पर महापौर ने कहा कि अयोध्या और अन्य कई महानगर में काम कर चुकी एजेंसी लाजिक ग्रुप को अब एक मार्च से काम महानगर के 50 वार्डों में कूड़ा उठान करने का काम दे दिया गया है। इसके अलावा 20 वार्डों में पहले से ही लायन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कूड़ा उठा रही है। वह स्वयं इन 50 वार्डों का निरीक्षण करेंगे। स्मार्ट सिटी मिशन के एसीईओ अतुल कुमार ने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन की सभी परियोजनाओं को जल्द पूरा कराना प्राथमिकता है। महानगर में बरसात से पहले महानगर में जल निकासी की समस्या दूर कराई जाएगी। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल लगातार महानगर के मोहल्लों का निरीक्षण कर रहे हैं और व्यवस्था को सुधार करा रहे हैं। 37 में 27 परियोजनाएं स्मार्ट सिटी मिशन की पूरी हो चुकी हैं। दस पर काम चल रहा है। इसमें स्टार्म वाटर परियोजना को छोड़कर शेष 9 परियोजनाएं मार्च के अंत तक पूरे हो जाएंगे।

## रामपुर के सिलईबड़ा गांव में दलित युवक की मौत पर मुरादाबाद में कांग्रेस का हल्लाबोल, कहा- न्यायिक जांच हो



मुरादाबाद। जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने रामपुर के सिलईबड़ा में दलित युवक की मौत के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की। जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग कि सिलईबाड़ा गांव में पुलिस की गोली से 17 वर्षीय दलित युवक की मौत के मामले की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए।

कांग्रेस के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के चैयरमेन राजेंद्र वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा दलितों को चुनावी हिंदू बनाकर उनके वोट से सरकार बना रही है। अंबेडकरवादियों दलितों का कत्ल और दमन कर रही है। प्रजातंत्र में भाजपा सरकार के ऐसे कृत्य को दलित माफ नहीं करेंगे। पीसीसी सदस्य भयंकर सिंह बौद्ध ने कहा कि जस्टिस फ़ॉर सुमेश अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन व सरकार ज्ञापन को स्वीकार कार्रवाई करे। दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में कड़ी सजा दिलाना सुनिश्चित करे। क्योंकि जिला प्रशासन व पुलिस मामले में लीपापोती कर रही है। जबकि सभी दोषियों को तत्काल जेल में होना चाहिए था। अफजल साबरी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष ने कहा अभी तक तत्काल कोई कार्रवाई न होना दलित विरोधी मानसिकता के संरक्षण को प्रदर्शित करता है। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में अनूप दुबे, अमीरुल हसन जाफरी,अफजल साबरी, मौहतसिम मुख्तार, अरशद परवेज, दानिश सैफी, अनुराग शर्मा, आलोक जाटव, शिशुपाल सिंह, मोहम्मद नाजिम, विवेक अग्रवाल, सलाउद्दीन मंसूरी, विवेक सागर, मंगल सेन आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली बैठक के बाद भाजपा में टिकट के दावेदारों में बढ़ी बेचैनी

मुरादाबाद। अभी तक नाम घोषित न होने से ऊहापोह बरकरार, बैनर-पोस्टर लगाकर छह-सात नेताओं ने जताई है दावेदारी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिह्न पर लड़ने वाले दावेदारों की टकटकी टिकट वितरण पर लगी है। दिल्ली में गुरुवार को हुई पार्टी की उच्चस्तरीय बैठक के बाद तय नामों की घोषणा भले ही नहीं हुई, लेकिन कयास तेज हो गए हैं। स्थानीय स्तर पर टिकट की दावेदारी नये वर्ष के स्वागत, राम मंदिर में प्रभु श्रीराम के नव विग्रह की स्थापना आदि कार्यक्रमों के लिए शुभकामना संदेश के जरिए ही प्रमुख मार्गों पर होर्डिंग बैनर के माध्यम से शुरू हो गई थी। महानगर की प्रमुख सड़कों पर भाजपा के टिकट के दावेदारों की उपस्थिति नये साल के स्वागत से हो गई थी। इसमें दो चिकित्सकों के चेहरे भी उभरकर सामने आए हैं। भले ही यह दोनों नये हैं लेकिन उनके बैनर होर्डिंग्स के कद व संख्या से लोगों में कौतुहल बढ़ गया है। वहीं मुरादाबाद लोकसभा सीट से एक बार जीत हासिल कर चुके पूर्व सांसद और एक राज्यसभा सांसद की दावेदारी भी अहम मानी जा रही है। पार्टी के एक पूर्व जिलाध्यक्ष भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दावेदारी कर रहे हैं। गुरुवार को दिल्ली में पार्टी की टिकट वितरण को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद सरगर्मी और बढ़ गई है। 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हारी सीटों पर पार्टी के फोकस की सूची में मुरादाबाद भी शामिल है। ऐसे में यहां की सीट पर पार्टी की प्रतिष्ठा और बड़ी है। क्योंकि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का यह गृह जनपद है। यहां की सीट की हार और जीत दोनों से बड़ा संदेश जाएगा। हालांकि अभी पार्टी ने टिकट को लेकर पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन दावेदारों की बेचैनी उनकी रातों की नींद उड़ा रही है। पार्टी जिलाध्यक्ष आकाश पाल का कहना है कि हमारा प्रत्याशी कमल का निशान है। पार्टी की ओर से जिसे भी प्रत्याशी बनाया जाएगा सभी मिलकर उसे बड़े अंतर से चुनाव जिताकर लोकसभा में भेजेंगे। पार्टी अपने कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर जनता के बीच है। केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को पारदर्शिता के साथ मिल रहा है। बूथ जीता-चुनाव जीता के मूलमंत्र पर सभी काम कर रहे हैं। अब 6 मार्च को समीक्षा बैठक करेंगे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री निशंक- मुरादाबाद लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद रमेश पोखरियाल निशंक को 2-4 मार्च तक प्रवास करना था। लेकिन अब यह कार्यक्रम टल गया है। वह 6 मार्च को आएंगे। भाजपा के मुरादाबाद सीट के लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता ने बताया कि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद रमेश पोखरियाल निशंक का 2- 4 मार्च तक प्रवास के दौरान शनिवार को लोकसभा की समीक्षा कर अन्य कार्यक्रमों में शामिल होना था।अब 6 मार्च को बुद्धि विहार स्थित जिला कार्यालय पर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच तक पूर्व मुख्यमंत्री लोकसभा के जिला व महानगर अध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी, सह प्रभारी, लोकसभा संयोजक, सहसंयोजक, जिला, मंडल, मोर्चा और लोकसभा जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे से वह एमआईटी कॉलेज में युवा संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, दोपहर 3 बजे कांठ विधानसभा के अगवानपुर में ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण करेंगे। बताया कि मुरादाबाद क्लस्टर में मुरादाबाद लोकसभा, रामपुर, अमरोहा और संभल लोकसभा शामिल हैं। लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल ने बताया कि 6 मार्च को लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक होगी। इसके बाद पार्टी द्वारा संचालित हो रहे लाभार्थी संपर्क अभियान, सेल्फ हेल्प ग्रुप अभियान, गांव चलो अभियान की समीक्षा सांसद रमेश पोखरियाल निशंक करेंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# शादी कराने पहुंचे पंडित जी फंसे ऐसे चक्कर में, छूट गए पसीने; दुल्हन के माता-पिता को भी पुलिस ने दबोचा

आगरा के बाह में बाल विवाह कराने की तैयारी थी। दूल्हा 30 वर्ष और 15 साल की दुल्हन। 4 मार्च को शादी के बंधन में बंधने जा रहे थे। बृहस्पतिवार को लग्नोत्सव में पहुंची पुलिस टीम ने बाल विवाह को रुकवा दिया। दुल्हन के माता-पिता और पंडित को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जबकि किशोरी को वन स्टाफ सेंटर इटावा भेजा है। शादी कराने पहुंचे पंडित जी को यकीन ही नहीं हुआ कि जहां वे विवाह के लिए पूजा पाठ करने आए हैं, वहां उनको लेने के देने पड़ जाएंगे। पुलिस ने पंडित और दुल्हन को बाल विवाह कराने के आरोप में हिरासत में लिया है। यहां का है मामला -चित्राहाट के नगला सुरई गांव के 30 साल के युवक का रिश्ता जसवंत नगर क्षेत्र की 15 वर्षीय किशोरी के साथ तय हुआ था। 4 मार्च को शादी होनी थी। बृहस्पतिवार को लग्नोत्सव था। लग्न टीका लिखे जाते समय इटावा के बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र विक्रम सिंह, प्रोबेशन कार्यालय के आंकड़ा विश्लेषक उमर मुर्तजा खान, जसवंतनगर के एसआई तबारक अहमद, महिला कांस्टेबल सुनीता यादव की टीम पहुंच गई। रुकवा दिया गया लग्न टीका का कार्यक्रम- मंगलगीत के बीच लिखे जा रहे लग्न टीका के कार्यक्रम को रुकवा दिया। बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता ने बताया कि टीम की जांच पड़ताल में किशोरी की उम्र 15 वर्ष 8 माह 13 दिन पाई गई है। बालिका को कस्टडी में लेकर न्यायपीठ बाल कल्याण समिति के माध्यम से वन स्टॉप सेंटर ( किशोरी संरक्षण गृह ) इटावा पहुंचाया जाएगा।बालिका के माता-पिता और पंडित पुलिस हिरासत में पुलिस ने बालिका के माता-पिता और पंडित को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया है। इसके साथ ही नगला सुरई में भी बारात न लाने के लिए हिदायत दी गई है। न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस समारोह को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का दौर जारी है।

# चौराहे पर दो लोगों में हो रही थी हाथापाई, पुलिस की जांच में एक निकला पैसे हड़पने का आरोपी

वाराणसी जिले के आशापुर चौराहे के पास दो लोगों में विवाद की सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले गई। पुलिस की पूछताछ में एक युवक पैसे हड़पने का आरोपी निकला। उस पर देवरिया में ठगी का आरोप है।

आशापुर चौराहे के पास मारपीट कर रहे दो लोगों को पकड़ कर पुलिस सारनाथ थाने ले गई। पूछताछ में सामने आया कि उनमें से एक निवेश के नाम पर पैसा दोगुना करने का झांसा देकर लोगों के लाखों रुपये हड़पने और ठगी करने का आरोपी है। पुलिस ने बताया कि ठगी के आरोपी का प्रकरण देवरिया से संबंधित है। देवरिया पुलिस को सूचना दे दी गई है। सारनाथ थाना प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया कि हिरासत में लिया गया आरोपी आजमगढ़ के ब्रह्मस्थान का रहने वाला है।

वह देवरिया में एक ट्रेडिंग कंपनी चलाता था। लोगों को कम समय में मुनाफे का झांसा देकर निवेश कराया था। कई महीनों से वह देवरिया में कार्यालय बंदकर भागा हुआ था। उसी कंपनी में नौशाद ने भी निवेश किया था।

नौशाद को आरोपी आशापुर चौराहा पर मिल गया तो वह उससे पैसा मांगने लगा। मामला हाथापाई तक पहुंच गया तो पुलिस दोनों को थाने ले आई। फिलहाल आरोपी के खिलाफ यहां किसी ने शिकायत नहीं दर्ज कराई है और न तहरीर ही दी है। कई पीड़ित पहुंचे सारनाथ थाने आरोपी के पकड़े जाने की सूचना मिलने पर आशिक सिद्दीकी, अंगद शुक्ला, आशीष द्विवेदी, राजेश चौहान, पंकज चौरसिया, अमनदीप यादव, विक्रांत और अंकित सारनाथ थाने पहुंच गए। सभी ने बताया कि निवेश की गई धनराशि का मुनाफा दो महीने तक उन्हें मिला था। उसके बाद कंपनी का कार्यालय बंद हो गया। कहा कि उन्होंने अपने साथ हुए फ्रॉड की लिखित शिकायत देवरिया जिले की पुलिस से की है।

# तेज गरज के साथ बारिश हुई शुरू, 3 मार्च तक तड़ित झंझावात एवं मेघगर्जन की चेतावनी



अलीगढ़ में दोपहर बाद तेज गरज के साथ बारिश शुरू हो गई। आसमान में काले-काले बादल छा गए। मौसम विभाग ने 3 मार्च तक तड़ित झंझावात एवं मेघगर्जन की चेतावनी के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की चेतावनी दी है। कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। लगातार बढ़ रहे तापमान में 1 मार्च की शाम को अचानक बदलाव आ गया। अचानक आसमान में काले बादल छा गए। छतों पर पड़े कपड़ों को उतारा गया। बादलों में तेज गरज के साथ बारिश शुरू हो गई।

साथ में तेज ठंडी हवा भी चलने लगी। मौसम में ठंडक बढ़ गई। लगातार बढ़ रहे तापमान में 1 मार्च की शाम को अचानक बदलाव आ गया। अचानक आसमान में काले बादल छा गए। छतों पर पड़े कपड़ों को उतारा गया। बादलों में तेज गरज के साथ बारिश शुरू हो गई। साथ में तेज ठंडी हवा भी चलने लगी। मौसम में ठंडक बढ़ गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि 3 मार्च तक तड़ित झंझावात एवं मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तेज झोंकेदार हवाएं एवं कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की भी संभावना है। झोंकेदार हवाओं, ओलावृष्टि, अंधड़, आंधी-तूफान से बागवानी एवं खड़ी फसलों के साथ ही जर्जर इमारतों, कच्चे घरों एवं झोपड़ियों को क्षति पहुंचने की संभावना है। मध्यम बारिश की स्थिति में सड़कों पर फिसलन एवं टूटी सड़कों पर पानी भरने की संभावना रहती है। ओलावृष्टि से खुले में लोगों एवं पशुओं को चोट लगने की संभावना रहती है। एडीएम वित्त-राजस्व एवं प्रभारी अधिकारी आपदा मीनू राणा ने कहा कि घर के अंदर रहे, खिडकियां, दरवाजे बंद रखें और यदि संभव हो तो यात्रा से बचें। पेड़ों के नीचे, टिन या मेटल शेड के नीचे आश्रय न लें, इससे अच्छा खुले में रहना है। बिजली का संचालन करने वाली सभी वस्तुओं से दूर रहें।

# फेसबुक पर दोस्ती के बाद सिपाही ने युवती ने किया दुष्कर्म, शादी का झांसा देकर चुप करा दिया

लखनऊ के माल इलाके में रहने वाली युवती से पीएसी के सिपाही ने फेसबुक पर दोस्ती की और फिर मिलने के बहाने हरिद्वार बुलाकर होटल में दुष्कर्म किया। विरोध पर आरोपी ने शादी का झांसा देकर चुप करा दिया। फिर कई बार शारीरिक शोषण किया।

बाद में आरोपी सिपाही शादी से मुकर गया। पीड़िता ने तालकटोरा थाने में केस दर्ज कराया है। पीएसी के सिपाही पर युवती को झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया गया है। दोनों की दोस्ती फेसबुक पर हुई फिर मिलने के लिए बुलाया था। माल इलाके की रहने वाली युवती की मार्च 2023 में फेसबुक पर सहारनपुर निवासी पीएसी के सिपाही अनुज पंवार से दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी।

मई 2023 में अनुज युवती से मिलने लखनऊ आया और उसे तालकटोरा बुलाया। वहां मुलाकात होने पर अनुज ने युवती को घूमने के लिए हरिद्वार बुलाया। युवती हरिद्वार पहुंच गई। जहां अनुज उसे एक होटल के कमरे ले गया और कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर अनुज ने शादी का वादा किया और किसी से शिकायत न करने की बात कही। शादी के झांसे में आकर युवती चुप हो गई। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद अनुज कई बार उससे मिलने लखनऊ आया और उसका शारीरिक शोषण किया। 21 दिसंबर को युवती ने अनुज से शादी की बात रखी तो उसने मना कर दिया। युवती ने माल थाने में शिकायत की तो पुलिस ने घटनास्थल तालकटोरा बताकर टरका दिया। इस पर युवती तालकटोरा थाने पहुंची और इंस्पेक्टर को आपबीती सुनाई। जिसके बाद आरोपी अनुज पंवार के खिलाफ तालकटोरा थाने में दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है।

# अंधेरे में दबंग प्रधानपति ने ढहा दिया 20 साल पुराना घर, महिला बोली- नहीं दिया कोई नोटिस...सख्त कार्रवाई हो



पीड़ित महिला ने बताया कि 29 फरवरी को ग्राम प्रधानपति व उसके दबंग आए और कहा कि तुमने मेरी शिकायत की है, तुम्हारा घर गिरवा दूंगा। उसने कहा कि वह रोती और गिड़गिड़ाती रही, लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी।प्रदेश में माफियाओं और अपराधियों पर बुलडोजर गरजने की नीति को आम जनता ने खूब सराहा है। इसका असर अब हमीरपुर में भी देखने को मिला है, लेकिन यहां मामला इसके उलट है। एक दबंग ग्राम प्रधान ने अनुसूचित जाति की महिला का रात के अंधेरे में जेसीबी से बीस साल पुराना कच्चा घर दिया है। इसको लेकर उसने परिवार सहित जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी है। पीड़ित परिवार ने कहा कि उन्हें कोई नोटिस भी नहीं मिला है। घर गिराने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। हालांकि, अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। विकास खंड सुमेरपुर की ग्राम पंचायत सहुरापुर की ग्राम प्रधान आशा सिंह हैं। उनके पति लल्ला सिंह काम देखते हैं। सहुरापुर निवासी अंजू कुमारी पत्नी साजन ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से आरोप लगाया है कि गांव के दबंग प्रधान पति व उसके देवर ने बिना नोटिस व सूचना के उसका बीस साल पुराना कच्चा घर गिरा दिया है। प्रधानपति ने कहा था- मेरी शिकायत की है, तुम्हारा घर गिरवा दूंगा महिला ने कहा कि इससे पहले वह केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से मामले की शिकायत की थी। इस पर उन्होंने एसडीएम को मार्क कर कहा था कि किसी गरीब का घर बिना नोटिस के न गिराया जाए। कहा कि 29 फरवरी को ग्राम प्रधानपति व उसके दबंग आए और कहा कि तुमने मेरी शिकायत की है, तुम्हारा घर गिरवा दूंगा। महिला बोली- प्रधानपति पर कठोर कार्रवाई की जाए उसने कहा कि वह रोती और गिड़गिड़ाती रही, लेकिन उसकी किसी ने नहीं सुनी। प्रधानपति ने घर से सामान फेंक गांव से बाहर करने की धमकी दी है। कहा कि प्रधानपति पर कठोर कार्रवाई की जाए, अन्यथा वह परिवार के साथ आत्मदाह कर लेगी।एसडीएम बोले- मामले की जांच कराई जाएगी प्रधानपति लल्ला सिंह चंदेल का कहना है कि महिला ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया था। उसी के बगल में दो पक्के मकान भी बने हैं। सरकारी जमीन बरात शाला बनना है, जिसको लेकर महिला अड़चन पैदा कर रही है। अन्य सारे आरोप निराधार हैं। वहीं, एसडीएम सदर पवन पाठक का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी।


KTUN NA LIKHUN SACH

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश , उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की

सम्पर्क करे-9027776991


# वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, हादसे में ग्राम विकास अधिकारी की मौत

मुरसान ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी बाइक से गांव जा रहे थे। वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। परिजन अस्पताल लेकर गए, वहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वीडीओ की मौत से परिवार संग विभाग में मातम छा गया।हाथरस-सिकंदराराऊ मार्ग स्थित चौबे वाले महादेव के पास 29 फरवरी की देर शाम बाइक सवार ग्राम विकास अधिकारी को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। लोग इलाज के लिए शहर के बागला जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिवार समेत विभाग में खलबली मच गई।गांव रामपुर निवासी 38 वर्षीय विवेक कुमार पुत्र निहाल सिंह मुरसान ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। देर शाम को वह बाइक से गांव जा रहे थे। रास्ते में चौबे वाले महादेव के पास तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें रौंद दिया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। आनन-फानन में उन्हें घायल अवस्था में ई-रिक्शा से जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के जानकारी होने पर परिवार के सदस्य पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। सुबह सीडीओ, डीपीआरओ व विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी पहुंच गए।

## संक्षिप्त समाचार

### परिवार पर टूटा गमों का पहाड़: जिम करके घर आए युवक की हृदय गति रुकने से मौत, मचा कोहराम



बिजनौर में एक परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। जिम करके घर आए युवक की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। बिजनौर में कासमपुरगढ़ी के ग्राम सीरबासुचंद में जिम करके घर आए एक युवक की हृदयगति रुक जाने से मृत्यु हो गई। जिससे परिजनो में कोहराम मचा है। वहीं, पत्नी व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई के साउथ अफ्रीका से घर पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। ग्राम सीरबासुचंद निवासी देवेंद्र सिंह उर्फ कालू ( 27 ) पुत्र रणवीर सिंह, गत शाम लगभग आठ बजे जिम करके घर आया और फिर बाजार टहलने चला गया। मृतक के चाचा जितेंद्र कुमार ने बताया कि बाजार से टहलने के बाद उसने दूध पिया और उसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन उसे चिकित्सक के पास लेकर गए लेकिन, तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। वहीं, अचानक हुई मृत्यु से घर मे कोहराम मच गया। उन्होंने बताया कि आठ माह पूर्व उत्तराखंड के जसपुर के ग्राम वीरपुरी से शादी हुई थी। मृतक का एक भाई ठाकुर सिंह उर्फ रिंकू दक्षिण अफ्रीका में कार्य करता है। बताया गया कि मृतक देवेंद्र सिंह खेती का काम करता था। ग्रामीणों का कहना है कि रिंकू के साउथ अफ्रीका से आने के बाद ही मृतक देवेंद्र सिंह का अंतिम संस्कार किया जाएगा। जवान बच्चों व युवाओं की हृदय गति रुकने से हो रही मौतों से लोगों में भय व्याप्त है। लोग इसे कोविड के टीके से भी जोड़ कर देख रहें हैं। वहीं, चिकित्सक इस पर कोई टिप्पणी करने को तैयार नहीं है।

### परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की रियल टाइम अटेंडेंस पर सख्ती शुरू, बीईओ पर होगी कार्रवाई

स्कूलों में बच्चों की रियल टाइम अटेंडेंस को लेकर सख्ती शुरू हो गई है। इसके लिए रायबरेली समेत एक दर्जन जिलों के 50 विकासखंड चिह्नित किए गए हैं। शिक्षक संघ ने कहा कि शिक्षकों पर दबाव न डाला जाए। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की रियल टाइम अटेंडेंस को लेकर सख्ती शुरू हो गई है। रोजाना बच्चों की उपस्थिति न अपडेट करने वाले एक दर्जन जिलों के 50 विकासखंड चिह्नित किए गए हैं। इनकी छह मार्च को समीक्षा बैठक होगी। माना जा रहा है कि शासन यहां के बीईओ पर कार्रवाई कर सकता है परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, मिड डे मील समेत एक दर्जन रजिस्टर डिजिटल करने की प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में हाल ही में बच्चों की उपस्थिति व मिड डे मील की जानकारी रोजाना ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि अभी भी काफी विद्यालयों में टैबलेट का प्रयोग नहीं शुरू हो सका है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने रायबरेली व बस्ती समेत एक दर्जन जिलों के 50 विकासखंड में डाटा इंट्री काफी कम होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने समीक्षा बैठक में सभी बीएसए व बीईओ को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को पत्र लिखकर ऑनलाइन उपस्थिति के लिए शिक्षकों पर दबाव न बनाने की मांग की है। बच्चों की उपस्थिति अपडेट करने व मिड डे मील की रिकॉर्डिंग व फल-दूध वितरण की तस्वीर मांगे जाने पर रोक लगाएं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों के प्रोन्नत वेतनमान का निर्धारण, शिक्षकों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन, जीपीएफ लेजर को अपडेट, ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों को नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों में शामिल किया जाए।



### न अच्छी लड़की बन पाई और न अच्छी बेटी... लिखकर लगाई फांसी, एक दिन पहले मनाया था जन्मदिन

अयोध्या से गुडंबा में ननिहाल आई स्नातक की छात्रा ने खुदकुशी कर ली। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोला गया तो उसका शव फंदे से लटकता मिला।न मैं अच्छी लड़की बन पाई और न ही अच्छी बेटी... मेरे नाना व मामा की कोई गलती नहीं है... उन्हें सजा मत देना। मैं अपनी वजह से परेशान थी... सुसाइड नोट में कुछ इस तरह की बातें लिखकर स्नातक की छात्रा कुमकुम ( 19 ) ने बृहस्पतिवार को गुडंबा स्थित मामा के घर में फांसी लगा ली। अयोध्या के तारुन निवासी रामसुमेर की बेटी कुमकुम ( 19 ) चार दिन पहले अपने मामा संदीप के जानकीपुरम सेक्टर एच स्थित घर आई थी। संदीप नोएडा में आईटी कंपनी में काम करते हैं। यहां उनके पिता और दादी रहती हैं। संदीप के मुताबिक बुधवार को कुमकुम का जन्मदिन था। कुमकुम के कहने पर वह उसका जन्मदिन मनाने लखनऊ आए थे। बृहस्पतिवार दोपहर वह कुमकुम को बुलाने उसके कमरे में गए तो दरवाजा बंद मिला। काफी आवाज देने पर भी दरवाजा नहीं खुला। पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे में कुमकुम का शव फंदे पर लटका मिला। गुडंबा इंस्पेक्टर नीतीश कुमार के मुताबिक मौके पर सुसाइड नोट मिला है। इसमें कुमकुम ने जीवन से निराश होकर जान देने की बात लिखी है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर छानबीन की जा रही है।

# डभौरा पूर्व गुढ़ विधायक राजेन्द्र मिश्रा ने केंद्र सरकार के तानाशाही रवैये को लेकर की गयी प्रेस वार्ता

क्यूँ न लिखूँ सच
अखिलेश तिवारी



रीवा एमपी- कांग्रेस विधायक राजेन्द्र मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि डबल इंजन सरकार जिस केन्द्र सरकार के बूते राज्यों में निर्मित हुई है उसके उल्टे दिन प्रारम्भ हो गये। जनता अपना फैसला अप्रैल-मई में सुनायेगी। किन्तु देश का सर्वोच्च न्यायालय अभी के दो हाल के फैसलों से मोदी सरकार के नीयत कार्यशैली एवं विरोधियों को नेस्तानाबूद करने की मनोदशा को उजागर कर दिया है। इलेक्ट्रोरल बाण्ड पर जो फैसला सर्वोच्च न्यायाल का आया हजारो हजार करोड़ रूपये के बाण्ड कहाँ से, किसने चंदे के रूप में बहुमत के बूते, भाजपा को दिया इसकी सुराग तक न चल पाए, ऐसा कानून संसद में पास कराना था जो करोड़पति चंदा दे तो सिर्फ भाजपा को, न कि कांग्रेस और अन्य पार्टियों को दे। धन कहाँ से आया, कितने मात्रा में आया, स्त्रोत उजागर किये जाय। यदि ऐसा नही किया गया तो प्रजातंत्र के साथ घात हैफैसला आने के हफ्तों बाद भी हर बात पर प्रतिकिया देने वाले मोदी जी,अमित शाह और जेपी नड्डा मौन है। इस फैसले का उजागर हो जावेगा कि पैसा आतंकवादी, माफिया, उद्योगपति या किसानों से लिया गया है। मोदी सरकार और डलब इंजल की सरकार ईडी और सीबीआई के सहारे प्रजातंत्र को ही समाप्त करने पर अग्रसर है। और मोदी सरकार सभी विरोधी दल के नेताओं को एक-एक करके जेल में बंद करने का सिलसिला, ईडी और सीबीआई के माध्यम से चला रही है। बचाकुचा ईव्हीएम को हैण्डिल कर प्रजातंत्र को ही समाप्त करने की दिशा में मोदी निकल पड़े है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार,मध्यप्रदेश सरकार एवं उत्तरप्रदेश की सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रस्टाचार,व्यापम घोटाले,गलत तरीके से विधायको की खरीद फरोख्त कर आम जनता के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाए। उस दौरान मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉ. अरुणेंद्र शेखर मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वृजेन्द्र पांडेय, जवा ब्लाक अध्यक्ष धानेन्द्र द्विवेदी, डभौरा ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण सिंह पिंटू,धानेन्द्र पाण्डेय अध्यक्ष सद्भावना प्रकोष्ठ राजेश गौतम (कूलन), सहित कई लोग मौजूद रहे!,

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होगी मिस नवी मुंबई सौंदर्य प्रतियोगिता का अंतिम फैसला

क्यूँ न लिखूँ सच



(नवी मुंबई) सबसे प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिताओं में से एक, मिस नवी मुंबई, अपने तेरहवें संस्करण में प्रवेश कर रही है। यू एंड आई एंटरटेनमेंट ने तेरह साल पहले एक सपना देखा था कि एक विश्व स्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन नवी मुंबई में किया जाए। कड़ी मेहनत के बाद, यह प्रतियोगिता सर्वोत्कृष्ट और सबसे प्रतिष्ठित बन गई है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से, फैशन इंडस्ट्री में प्रवेश करने वाली सुमन राव, दिव्या अग्रवाल, अक्षता सोनवणे, कविता मिश्रा जैसी सुंदरियों ने देश और विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना और विश्व सौंदर्य प्रतियोगिता जीतना आसान नहीं है। पहले दौर में सैकड़ों प्रतियोगियों में से सर्वश्रेष्ठ सुंदरियों का चयन करना बहुत कठिन है। चुनी गई सुंदरियों को यू एंड आई टीम द्वारा उत्कृष्ट रूप से प्रशिक्षित किया जाता है। यू एंड आई एंटरटेनमेंट के हरमीत सिंह ने बताया। युवा लड़कियों में विशेषताओं को पहचानने और उन्हें सीमित न रखते हुए उनकी कला को बढ़ावा देने और उन्हें मंच पर लाने के लिए हम कठिन परिश्रम कर रहे हैं। और हमें इन प्रतिभाशाली लड़कियों को उचित मंच प्रदान करने में सक्षम होने की खुशी है। यू एंड आई एंटरटेनमेंट के निर्देशक मनमीत सिंह ने पत्रकारों को बताया। 卐नवी मुंबई में सौंदर्यवती होने की इच्छा रखने वाली लड़कियों के लिए किसी भी तरह की संभावना न होने पर हमने उन्हें व्यासपीठ देने की शुरुआत की। नवी मुंबई को एक ग्लैमर शहर में बदलने के उद्देश्य से हमने सौंदर्यवती कलागुणों को वर्षानुवर्षे एक अद्वितीय संभावना दी और इसे जारी रखने का हमें आनंद है! - श्री सुरिंदर सिंग, यू अँड आय एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष ने इसे व्यक्त किया। व्यक्तित्व विकास मार्गदर्शक और मानसिक विज्ञानी इंद्रप्रीत कौर ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से इन सुंदरियों में वर्षों से हो रहे परिवर्तन दिखाई दिया है और इस स्पर्धा का आयोजन किया गया है, इससे मुझे गर्व महसूस हो रहा है। मिस नवी मुंबई और यू अँड आय के साथ हमारे कई वर्षों के संबंध हैं। इस स्पर्धा ने शहर को कितना सम्मान प्राप्त किया है, इसलिए हम इसमें रुचि रखते हैं और हम इस सम्मानित स्पर्धा से जुड़े हैं, इससे हमें खुशी होती है। इसे नवी मुंबई के महाव्यवस्थापक स्टीफन डिसूझा ने कहा। बहुत सालों से मिस नवी मुंबई के साथ मेरा एक नाता है। इस स्पर्धा में मिलने वाली खुशियों और नई चीजों का ज्ञान हर बार नवीन शिक्षा देता है। इसे रैम्प डायरेक्टर और रैम्प वॉक ट्रेनर स्मृति बथिजा ने कहा। स्मृति ने मिस इंडिया इंटरनेशनल 2019-2020 की जीत की है। मिस नवी मुंबई 2024 की पत्रकार संघ को फॉर पॉइंट्स वाशी ने आयोजित की गई थी। इस पत्रकार परिषद का सूत्रसंचालन आंतरराष्ट्रीय सेलिब्रिटी अँकर, अभिनेत्री, मिस इंडिया मॅग्नीफिशन्ट सिमरन आऊजा ने किया। अंतिम फेरी में शामिल होने वाली सौंदर्यस्त्रियों ने उपस्थितियों को मनोरंजन और संवाद किया। फॉर पॉइंट्स नवी मुंबई के किरण मुनीराज, अभिजित अदूरकर, रिया मेक्कट्टुकुलम, मिस महाराष्ट्र गौरी गोठणकर, डॉ संजीव कुमार, अशोक मेहरा, सौम्या सिंग, और अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

# अधुरे कुवे मे गिरने से बालक की हुई मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ/पारा । यहा से करीब 5 किलोमीटर दुर ग्राम सिलखोदरी के एक अधुरे कुवे मे गिरने से आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई ।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रेहन्दा के ग्राम सिलखोदरी के भयड़िया फलिए मे अधुरे बने हुवे कुवे मे सावन पिता नाहर सिह भयड़िया उम्र 8 वर्ष की डूबने से मौत हो गई । बताया जाता है घर के अभी लोग फसल कटाई मे व्यस्त थे और सावन दो तीन बच्चो के साथ खेल रहा था की तभी अचानक बिना मुंडेर के कुवे मे गिर गया । साथी बच्चे चिल्लाते रहे । सहयता के लिये घर के लोग आये तबतक सावन डूब चुका था । घटना की सूचना मिलते ही पारा पुलिस चौकी प्रभारी विजेंद्र सिह छाबरिया मौके पर पहुचे व शव को कुवे से निकाल कर पंचनामा बनाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पारा पर परिक्षण के लिये भिजवाया । पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जाँच मे लिया ।

# भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं, पहली बार युवराज सिंह ने खुद ही बता दिया

गुरदासपुर लोकसभा सीट से भाजपा का अगला उम्मीदवार कौन होगा, यह तस्वीर अभी साफ नहीं हुई है। क्रिकेटर युवराज सिंह ने पहली बार राजनीति में आने और गुरदासपुर सीट से चुनाव लड़ने पर प्रतिक्रिया दी। अभी गुरदासपुर से अभिनेता सनी देओल भाजपा सांसद हैं।पंजाब की गुरदासपुर लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट में से एक है। सेलिब्रेटी को भी यह सीट खूब पसंद आती है। यही वजह है कि विनोद खन्ना से लेकर सनी देओल तक यहां से जीतकर संसद तक पहुंचे। 2024 लोकसभा चुनाव से ठीक पहले यह सीट एक बार फिर चर्चा में है। वजह यह है कि भाजपा की टिकट पर क्रिकेटर युवराज सिंह के सियासत में आने की चर्चा पंजाब के राजनीतिक गलियारों में है। दरअसल, सनी देओल साफ कर चुके हैं कि वह गुरदासपुर से अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। अब भाजपा को इस सीट पर नए चेहरे की तलाश है। मगर इस बीच युवराज ने चुनाव लड़ने की कयासबाजी पर पहली बार प्रतिक्रिया दी। युवराज सिंह ने लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चाओं को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव लड़ने का कोई इरादा नहीं। अपने गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के माध्यम से समाजसेवा जारी रखेंगे। मैं गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ रहा हूं युवराज सिंह ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के विपरीत मैं गुरदासपुर से चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। मेरा जुनून विभिन्न क्षमताओं में लोगों का समर्थन करने और उनकी मदद करने में निहित है और मैं अपने फाउंडेशन के माध्यम से ऐसा करना जारी रखूंगा। आइए अपनी क्षमताओं के साथ मिलकर बदलाव लाना जारी रखें। शबनम सिंह ने कुछ दिन पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी। इसके बाद से ही उनके राजनीति में आने की चर्चा शुरू हो गई थी। 2011 में वनडे विश्व कप के बाद युवराज सिंह को कैंसर के बारे में पता चला था। इसके बाद उन्होंने अमेरिका में इलाज कराया था। इसके बाद उन्होंने यू वी कैन फाउंडेशन की शुरुआत की। यह फाउंडेशन कैंसर पीड़ितों की मदद करता है।जाखड़ को सनी देओल ने दी थी शिकस्त-2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सनी देओल ने मौजूदा सांसद सुनील जाखड़ को हराया था। उस समय सुनील जाखड़ ने कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा था। अब सुनील जाखड़ पंजाब में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष हैं।




# निर्माणाधीन डीजे प्लाजा से प्रभावित पीड़ित परिवारों ने शिवसेना से लगाई न्याय की गुहार

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा



सीधी -शहर के वार्ड क्रमांक 4 में सम्राट चौराहे पर बन रहे डीजे प्लाजा से प्रभावित 15 से 20 घर के गरीब पीड़ित परिवारों ने शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष के नाम आवेदन देकर मौके में बुलाकर अपनी पीड़ा को दिखाते हुए विस्थापन हेतु लगाई न्याय की गुहार सौंपा पत्र इस बीच शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने जानकारी दी की शहर के वार्ड क्रमांक 4 कोतवाली रोड के बाजू तत्कालीन विधायक रीति पाठक जी के बंगले के सामने करोड़ो अरबो रुपए की लागत से डीजे प्लाजा बनाया जा रहा है जहां शहर के बड़े व्यापारी व सत्ताधीस पार्टियों के नेता भी इस प्लाजा में अपना पैसा इन्वेस्टमेंट कर रहे हैं

जहां करीब यह शहर के बीच पांच से छ: एकड़ की जमीन पर यह प्लाजा बन रहा शासन वा सरकार ने कार्य के बदले लीज पर जमीन इन व्यापारियों को दी है जहां इस जमीन में कई दशकों से ऐसे 15 से 20 घर के पीड़ित परिवार हैं जो ठेला गोमती लगाकर पट्टे की भूमि पर शांति पूर्ण तरीके से अपना जीवन यापन कर रहे हैं यह परिवार सरकार की आवास योजना भूमि पट्टे से लाभान्वित है सारे दस्तावेज इन पीड़ित परिवारों के पास है लेकिन वही अब डीजे प्लाजा के संचालकों द्वारा इन पीड़ित परिवारों को जबरन बलपूर्वक भगाने का प्रयास किया जाता है वा चारों तरफ से बड़े-बड़े गड्ढे खोद दिए हैं जहां इन परिवारों के छोटे-छोटे बच्चे हैं बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे चुकी समस्या को लेकर पूर्व में भी इन पीड़ित परिवारों द्वारा जिला कलेक्टर व जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत करा गया था लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि निचले स्तर के कुछ ऐसे जिम्मेदार अधिकारी जो लेनदेन साठ गांठ में संलिप्ट होकर इन बेसहारा लोगों पर ही दबाव बनाकर खाली कराने का प्रयास किया जा रहा लेकिन किसी भी प्रकार से इन पीड़ित परिवारों के साथ शिवसेना अत्याचार नहीं होने देगी व जिम्मेदार अधिकारी भी ध्यान दें उनकी कुर्सी भी इसी जनता की न्याय व्यवस्था के लिए दी गई है बहुत जल्द उनके खिलाफ भी मोर्चा खुलेगा अगर इन्हें विस्थापन नहीं दिया जाता है तो इन पीड़ित परिवारों की मांग है कि छोटे व्यापारी होने के नाते शहरी क्षेत्र मे इन्हे कहीं विस्थापन दिया जाए जिससे यह शांतिपूर्ण तरीके से जीवन यापन कर सके आगामी इस मामले को लेकर शिवसेना प्रशासन से एक बार अल्टीमेटम जारी कर मांग पत्र रखेगी सुनवाई नहीं हुई तो कार्य को पूर्ण तरीके से डीजे प्लाजा के बंद कराने हेतु बाध्य होगी व उग्र आंदोलन हेतु मोर्चा खोलेगी किसी गरीब के साथ शिवसेना अत्याचार नहीं होने देगी

प्रमुख रूप से विजिट में शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे, जिला मंत्री सुनील रावत नगर अध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले नगर सहसंयोजक राजन मिश्रा पुस्पेंद्र त्रिपाठी, राजेश सोधिया सहित समस्त लोग रहे मौजूद

# मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पात्र महिलाओं के खाते में राशि की अंतरित

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा




सीधी - जिले की 2 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 26 करोड़ 14 लाख से अधिक की राशि डाली गई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के उज्जैन में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 1576 करोड़ एवं लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत 2.45 लाख से अधिक बेटियों को 86 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत सीधी जिले की 02 लाख 13 हजार 495 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 26 करोड़ 14 लाख 54 हजार 250 रूपये की राशि अंतरित की गई। महिला हितग्राहियों ने लाड़ली बहना थीम पर आधारित रंगोली, लोक गीत एवं लोक नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं अन्य माध्यमों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर साकेत मालवीय, महिला बाल विकास अधिकारी अवधेश सिंह तथा लाड़ली बहनों द्वारा सहभागिता की गई। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 02 लाख 13 हजार 495 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 738 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 866, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 44 हजार 984, जनपद पंचायत सीधी में 55 हजार 448 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 52 हजार 419 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 6 हजार 250, नगर परिषद चुरहट में 2 हजार 484, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 125 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 2 हजार 181 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई।

# कुसमी के 22 गांवों में नि:शुल्क मच्छरदानी वितरित कर कार्य का शुभारंभ किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा





सीधी - राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (मलेरिया) के अंतर्गत सीधी जिले के चिन्हित 316 गांवों में कुल 245250 नग मच्छरदानियों को नि:शुल्क वितरण किया जावेगा। 02 मार्च 2024 को विकासखण्ड कुसमी के ग्राम लुरघुटी एवं देवरी में विधायक धौहनी श्री कुंवर सिंह टेकाम द्वारा शुभारंभ करते हुए ग्रामवासियों को नि:शुल्क मच्छरदानी वितरित की गई

एवं जन समुदाय से अपील की गई कि प्रत्येक व्यक्ति सोते समय मच्छरदानी का जरूर लगावें एवं मच्छरों से अपने व अपने परिवार की सुरक्षा करें तथा मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचें। कुसमी विकासखण्ड के 22 गांवों में कुल 10850 नग मच्छरदानी नि:शुल्क वितरित की जावेगी। नि:शुल्क मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी, जनपद अध्यक्ष, ग्राम के सरपंच, सचिव, स्वास्थ्य विभाग के खण्ड चिकित्सा अधिकारी कुसमी डॉ. अजय प्रजापति, जिला मलेरिया अधिकारी हरिओम सिंह, जिला मलेरिया सलाहकार डॉ. ज्ञानेन्द्र पाठक एवं मच्छरदानी वितरण कार्य में सम्मिलित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विलय ज्ञान धर्मार्थ संस्था बरेली के तत्वधान मे भगवान शैलजा नारायण की 27वां प्राकट्य श्रंखला का शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच







बरेली- विलय ज्ञान धर्मार्थ संस्था बरेली के तत्वधान मे भगवान शैलजा नारायण की 27वां प्राकट्य श्रंखला का शुभारंभ भगवान नारायण की बंदना से हुआ

मंगलम भगवान विष्णु के मंत्र के साथ ध्वनि विलयपाठ बड़े धूम धाम से सब भक्तों ने गान किया भगवान के विभिन्न रूपो की झलकी प्रस्तुत हुई ,साथ ही भजन ,हर -हर शम्भू ,ओ पालन हारे ,श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी,प्रभु तेरे रंग मे,तुम ही तो हो भजन कीर्तन में हिस्सा लिया। जिसमें काशीपुर, देहरादून, मुरादाबाद, कानपुर, नोएडा, कोलकाता, जयपुर, राजस्थान, पुणे, गाजियाबाद, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद से आए7 इस मौके पर अध्यक्ष विजय अग्रवाल, प्रोफेसर मधुदीप, दिव्या, सुमित, सुधीर कुमार, पूनम कश्यप, सुषमा सक्सेना, विमलेश कुलश्रेष्ठ, रोहित कश्यप, देवेश वैश्य, अमरनाथ मल्होत्रा, नीरज चावला, राजेंद्र कुमार, ऋतुराज, वरूण गुप्ता, कुशल गुप्ता, मनोज शर्मा, दिव्यांशु वैश्य सहित सैकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

## रेडक्रास एवं जिला प्रशासन पीड़ितों की सेवा में सदैव तत्पर: डीएम



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती -श्रावस्ती तहसील भिनगा के ग्राम पंचायत मसहाकला के ग्राम पिपरहवा पुरवा में अग्निकांड की घटना घटित हुई। जिसमें गांव के दस परिवार प्रभावित हो गये।अग्निकांड में दस परिवारों की गृहस्थी जल गयी व दो मवेशियों की मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर रेडक्रॉस की श्रावस्ती शाखा द्वारा सभी पीड़ितों को जिलाधिकारी कार्यालय आमंत्रित कर उन्हें प्रदेश शाखा से प्राप्त अहेतुक सहायता वितरित की गई। इस दौरान अध्यक्ष, इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने सभी पीड़ितों को रेडक्रॉस की तरफ से एक किचेन सेट, कंबल, तिरपाल, बाल्टी व हायजीन किट प्रदान कर पीड़ितों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं को भी सुना। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा जिलाधिकारी ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी एवं जिला प्रशासन सभी अग्निकांड पीड़ितों की सेवा में सदैव तत्पर है। अग्निकांड ऐसी आपदा है, जिसमें वर्षों की गृहस्थी राख हो जाती है। ऐसे में पीड़ितों को सरकारी अनुमन्य सहायता के अतिरिक्त रेडक्रॉस द्वारा सामग्री दी गयी है, जिससेउनके दैनिक जीवन की गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सके रेडक्रास द्वारा लगातार जनपद वासियों की विभिन्न प्रकार से सहायता की जा रही है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी के साथ-साथ प्रशासन स्तर से भी अग्निकांड पीड़ितों को अन्य अनुमन्य सहायता भी दी जायेगी। सभी लोग संयम के साथ इस संकट की घड़ी का मुकाबला करें।

## शामली जिला कांग्रेस कमेटी ने उठाई मांग दलित छात्र को पुलिस फायरिंग से मौत होनी चाहिए कानूनी कार्यवाही-दीपक सैनी

राकेश गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रपति महोदया के नाम जिलाधिकारी शामली को ज्ञापन सौंपा।सेवा मेंमहामहिम राष्ट्रपति महोदया जीभारत सरकारद्वारा - जिलाधिकारी महोदय शामलीजनपदशामली जिला कांग्रेस कमेटी आपसे अनुरोध करती है की । दीपक सैनी कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओर लोकेश कटारिया जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति ने बताया कि रामपुर के गांव सिलाइबारा के पार्क में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर लगाने को लेकर हुए विवाद अनुसूचित जाति के एक 17 वर्ष के लड़के सुमेश की उत्तर प्रदेश पुलिस के द्वारा गोली मारकर हत्या कर डाली जो दसवीं की परीक्षा देकर अपने घर जा रहा था। तभी उत्तर प्रदेश की पुलिस की फायरिंग से नाबालिग छात्र को मौत के घाट उतार दिया



गया।ज्ञातव्य है कि सुमेश की मौत परिस्थितियों को देखते हुए अधिकारियों ने गहन जांच की आवश्यकता को जोर दिया गया था लेकिन पुलिस ने सबुत छिपाने के लिए जबरन सुमेश के शव को जल्दबाजी में अंतिम संस्कार कर दिया गया।यह लोकतंत्र की हत्या की गई है उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बिल्कुल खत्म हो चुकी है। जैसा की हाथरस प्रकरण में पुलिस द्वारा किया गया था ।सुमेश के परिवार में स्थानीय पुलिस स्टेशनमेंमिल्क पुलिस स्टेशन के अधिकारियों एसडीएम और तहसीलदार सहित 25 लोगों के खिलाफ फिर दर्ज की गई है। दलित पिछड़े वर्ग के साथ इस सरकारमेंबहुतज्यादाअत्याचार हो रहे हैं कानून के साथ खिलवाड़ हो रहा है । शामली जिला कांग्रेस कमेटी आपसे मांग करती है की इन लोगों के पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और उस गरीब छात्र को मुआवजा मिलना चाहिए ।ज्ञापन देने वालों में दीपक सैनी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शामली , लोकेश कटारिया जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति, डाक्टर रामलाल कश्यप जिला महासचिव,अरविंद झझोट ज़िला सचिव, संदीप शर्मा जिला सचिव, खुर्शीद चोधरी जिला सचिव, संदीप राणा जिला सचिव, सलामत अंसारी ब्लाक अध्यक्ष केराना, रिजवान सेवादल अध्यक्ष, माजिद अली थानाभवन नगर अध्यक्ष,नदीम राव ब्लाक अध्यक्ष थानाभवन, पंकज चौधरी नगर अध्यक्ष बनत, पप्पू सिंह, विनोद सिभालका,प्रमोद कश्यप, महाबीर सैनी, राधेश्याम सैनी, रामशरण नामदेव,गयुर कुड़ाना ब्लाक अध्यक्ष, रामपाल पांचाल,विनोदसेन,आदिमौजूद रहे।

## शादी के लिए दबाब बना रही प्रेमिका का गला रेत कर हत्या,प्रेमी ने लगाई फांसी

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ में प्रेमी ने प्रेमिका का गला काट कर युवक ने खुद को फांसी लगाकर जान दे दी।मौके पर मिले सोसाइट नोट में प्रेमिका युवक पर शादी करने का दबाब डाल रही थी। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक के शादीशुदा होने के बाबजूद प्रेमिका कर रही थी ब्लैकमेलरामघाट रोड पर स्थित [illegible] के निकट साइन इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी के संचालक ललित कुमार ने अपनी प्रेमिका यामिनी को मौत के घाट उतारकर खुद को भी फांसी लगा ली। दरअसल हरदुआगंज क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर की निवासी यामिनी नौकरी करती थी. और इसी सेंटर में बच्चों को पढ़ाती थी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था,जिसके चलते शाम को सेंटर बंद करने के बाद ललित खुद यामिनी को उसके घर तक छोड़ने जाता था. जब कल देर रात तक दोनों घर नही पहुँचे तो परिजनों ने उन्हें तलाशना शुरू कर दिया तलाशते हुए परिजन कंप्यूटर सेंटर पहुंचे. वह शटर को खुला देख चोंक गए। इसके बाद उन्होंने देखा कि सेंटर के ऑफिस के बंद कमरे में यामिनी का शव जमीन पर पड़ा था,और ललित का शव रस्सी के फंदे से लटक रहा था. वहीं पास में तमंचा और चाकू पड़ा था. इसके सूचना परिजनों ने तुरंत पुलिस को दी । मौके पर पहुँचे सिविल लाइन थाने के क्षेत्राधिकारी अमृत जैन और कुवार्सी थाने के एसओ विजयकांत शर्मा ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया।कंप्यूटर सेंटर के ऑफिस से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला. जिसमें लिखा था कि दोनों के बीच चार साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था. युवक की शादी पहले ही हो चुकी थी. इसके बावजूद यामिनी शादी करने का प्रेशर बनाकर ब्लैकमेल कर रही थी। वहीं घटना के संबंध में थाना सिविल लाइन क्षेत्राधिकारी अमृत जैन ने बताया कि रामघाट रोड स्थित साइन इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी में एक युवक और युवती का मृत अवस्था में शव मिला है. स्थानीय पुलिस ने मौके में पहुंचकर घटनास्थल की जाँच की है मौके पर पहुंचकर फील्ड यूनिट ने तथ्यों को संग्रह किया. वही, मौके पर कमरे में सुसाइड नोट भी प्राप्त हुआ है।फिलहाल दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है. आगे की विविध कार्यवाही की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ अकराबाद: थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर गोपी ओवर ब्रिज के ऊपर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है। जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली के गांव सूरजमई निवासी नीटू पुत्र रामप्रकाश बाइक द्वारा अपने घर से अलीगढ़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही उसकी बाईक गोपी ब्रिज के ऊपर पहुंची तभी कोई अज्ञात वाहन उसकी बाइक में टक्कर मारकर मौके से भाग गया। जिससे बाइक सवार 42 वर्षीय नीटू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई जहां से पुलिस ने मृतक की जेब में मिले नाम पते के आधार पर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## शासन की मंशानुसार जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न




क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनता की समस्याओं, शिकायतों को एक ही स्थान पर त्वरित गति से निस्तारित किए जाने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 एके बाजपेयी की अध्यक्षता में तहसील जलेसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनता की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया। सीडीओ ने कहा कि जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समय अवधि में सभी विभागीय अधिकारी अवश्य करें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश ने तहसील एटा सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का निस्तारण सर्वोपरि है, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं का हर हाल में समाधान होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि सभी लेखपाल नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करें और जनता की समस्याओं का गांव में ही समाधान किया जाए। एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश ने तहसील एटा सदर में एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम सुश्री भावना, क्षेत्राधिकारी विक्रांत द्विवेदी, तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय आदि की उपस्थिति में जनसमस्याओं को सुनते हुए प्राप्त 63 शिकायतों में से 06 का निस्तारण किया। एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चौधरी ने तहसील अलीगंज में एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में जनसमस्याओं को सुनते हुए प्राप्त 11 शिकायतों में 02 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जलेसर में कुल 21 प्राप्त शिकायतों में 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, एसडीएम जलेसर जगमोहन गुप्ता, तहसीलदार संदीप सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की बढ़ी मुश्किलें,गेहूँ,जौ और सरसों की फसलों को नुकसान

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर



अलीगढ़ में तेज हवा के साथ हुई बारिश ने किसानों की सरसों, गेहूँ की फसल को बर्बाद कर दिया है। वहीं शहर में भी सड़कों पर जल भराव हो जाने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। इसके साथ ही मौसम ठंडा हो गया है, मौसम विभाग की माने तो अगले दो दिन भी बारिश और तेज हवाएं चलने की आशंका जताई है। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार देर शाम से ही तेज हवाएं चलने के साथ आसमान में बादल छा गए,और देर शाम हल्की बूंदाबादी हुई,शनिवार को तेज बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। इस समय किसानों की सरसों की फसल पककर तैयार है। वहीं गेहूँ और जौ की फसल में बालियाँ निकल चुकी है। लेकिन बारिश और ओले से सरसों के जमीन पर ही हलने और गेहूँ, जौ की फसल गिरने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जिससे गरीब किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। बारिश,ओलाव्रष्टि के साथ तेज हवा के चलने से हरदुआगंज सहित अतरौली धनीपुर तहसील में लहरा सलेमपुर,अभयपुर, करण सिंह नगला,सांकरा, दादों, गिर्धरपुर,गोवला इतना ही नहीं गभाना,खैर,बरला, अकराबाद नगला पतेल क्षेत्रों में गेहूँ, जौ, सरसों की फसल को काफी नुकसान हुआ है बारिश के चलते टमाटर, पालक,धनिया जैसी कच्ची फसल के उत्पादन में भी कमी आयेगी। फिलहाल जिला प्रशासन ने किसानों के फसल नुकसान का सर्वे कराने का आश्वासन दिया है, अतरौली तहसील के गोवला गांव के रहने वाले एक किसान ने बताया कि इस बारिश और ओलाव्रष्टि के साथ तेज हवा से उनकी 16 बीघा फसल गिरकर नष्ट हो गयी। उनके गांव की 50 नगला पतेल के अनिल ठाकुर ने बताया कि लगभग क्षेत्र में 500 बीघा जमीन लोगों का नुकसान हुआ है प्रतिशत से ज्यादा गेहूँ और सरसों की फसलें बर्बाद हो गयी हैं,हालांकि तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में जल भराव भी हो गया। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जनपद के मैरिस रोड,रामघाट रोड, रेलवे रोड सेंटर पॉइंट आदि क्षेत्रों में जल भराव हो गया।

## नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद एटा कृपया अवगत कराना है कि आज दिनांक 02.03.24 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक यू0पी0 112 के आदेश के क्रम में यू0पी0 112 एवं उ0प्र0पुलिस द्वारा प्रदत्त की जा रही आकास्मिक सेवाओं ( जैसे पुलिस, फायर, मैडीकल आदि ) महिला पीआरवी, नाईट स्कॉर्ट एवं सवेरा योजना से अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री योगेन्द्र सिंह नोडल अधिकारी यूपी 112 के निर्देशन में आमजन को जागरूक करने के लिये श्रीमंत युवाजन रंग मंडल जनपद-कानपुर और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की तरफ से यूपी 112 एटा जनपद एटा में कलाकार दल नेता रेनू गौतम, राहुल पांडे, कमलेश सिंह, सरिता सिंह,राजू शर्मा द्वारा धूमरी थाना जैथरा, थाना बागवाला और थाना मलावन क्षेत्र अंतर्गत पर नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया।

मौके पर श्री संजीव चौधरी प्रभारी 112 प्रभारी मय पुलिस टीम उपस्थित रहे।

### संक्षिप्त समाचार

## चोरी से काटी गई सागौन की 74 बोटा के साथ दो गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल



श्रावस्ती - श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष [illegible] श्रीमती पुष्पलता मय हमराह क्षेत्र भ्रमण के दौरान रमवापुर क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर रघुवर दास उर्फ झनकऊ महराज नि0 जोरडिंह के खेत मे बिना परमिट के सागौन के पेड़ काटकर लाद रहे 02 अभियुक्त को 74 बोटा बिना अनुमति काटी गयी सागौन की लकड़ी व ट्रैक्टर मय बुग्गी के साथ गिरफ्तार कर कब्जा पुलिस में लिया गया। बरामदगी के आधार पर थाना [illegible] पर मुकदमा उत्तर प्रदेश ग्रामीण एंव पर्वतीय क्षेत्रों में वृक्षों का संरक्षण अधिनियम 1976 व 3/28 उ0प्र0 ट्रांजिट आफ टिम्बर एंड अदर फारेस्ट प्रोड्यूस रूल्स 1978 पंजीकृत किया गया ।

## नि:शुल्क मानव चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती - श्रावस्ती रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमान्डेंट, 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा के दिशा-निर्देशन में वाहिनी के अंतर्गत आने वाले गाँव पटना खरगौरा में नि:शुल्क मानव चिकित्सा परामर्श शिविर ( [illegible] ) का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. अजीत, उप कमांडेंट ( चिकित्साधिकारी ) द्वारा गाँव पटना खरगौरा के 10 ग्रामीणों को नि: शुल्क परामर्श के साथ दवाओं का वितरण किया गया और ग्रामीणों को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं सचेत रहने के लिए जागरूक करते हुए सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियों जैसे सर्दी - जुकाम, खांसी, मलेरिया, डेंगू, बुखार आदि रोगों से बचने के उपाय बताये। इस मौके पर डॉ. अजीत, उप कमांडेंट ( चिकित्साधिकारी ) के साथ सहायक उप निरीक्षक ( मेडिक्स ) दीन बन्धु सरकार आरक्षी ( नर्सिंग सहायक ) हरेन्द्र कुमार, व अन्य उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित डंफर ने बाइक को मारी ठोकर, एक मौत, एक घायल

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती - सोनवा थाना क्षेत्र लक्ष्मन नगर गिलौला मार्ग पर शाहपुर कठौतिया गांव के पास एक अनियंत्रित डंफर ने एक बाइक को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिलौला थाना क्षेत्र के चंद्रावा गांव निवासी संदीप तिवारी अपनी बुलेट से पास के गांव शिवालापुरवा गांव निवासी उस्मान अली के साथ लक्ष्मन नगर की ओर जा रहे थे। सोनवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मन नगर गिलौला मार्ग पर शाहपुर कठौतिया के पास पहुँचने पर सामने से तेज रफ्तार से आ रहे डंफर ने ठोकर मार दिया। इस बाइक पर पीछे बैठे उस्मान अली डंफर के नीचे आ गए। डंफर बिना रुके उसे कुचलता हुआ भाग गया । बाइक चालक संदीप तिवारी सड़क की पटरी पर जा गिरे। जिससे वह घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर लक्ष्मन नगर चौकी प्रभारी गौरव सिंह पहुँच गए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र अलीगढ़ शलभ माथुर द्वारा थाना मलावन का किया गया औचक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अर्धसैनिक बलों के ठहराव हेतु बृजराज सिंह महाविद्यालय आसपुर, थाना पिलुआ के राजकीय पॉलीटेक्निक का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सम्बंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक एटा धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा योगेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विक्रांत द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सकीट संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एटास्कॉलर सिप कंपीटिशन 2024 का आयोजन रविवार को नेशनल एकेडमी में

क्यूँ न लिखूँ सच -दीपक सैनी

मऊरानीपुर शिक्षा के क्षेत्र में छिपी प्रतिभावों को निखारने के उद्देश्य को लेकर नगर के टीकमगढ़ रोड स्थित नेशनल एकेडमी सेकेंडरी स्कूल के तत्वाधान में स्कॉलर सिप कंपीटिशन 2024 का आयोजन रविवार को नेशनल एकेडमी में सुबह 10 बजे से 12.30 तक किया जा रहा है।इस परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 5100 रुपए दुतीय को 3100 रुपए एवं 2100 रुपए का नगद पुरस्कार आगामी रविवार 10 मार्च को विद्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में दिया जाएगा।इस परीक्षा में लगभग 350 छात्र छात्राये भाग लेंगे।। उक्त परीक्षा के प्रश्न पत्र कक्षाओं के पाठ्य क्रम के अनुसार होंगे।

# Potassium is necessary for maintaining normal nerves and heart-beat, is there sufficient quantity of it in your diet?

To keep the body healthy and fit, it is important to take care of diet. Health experts say that our food should contain all those things which can easily supply the essential nutrients to the body. By improving the nutritional value of the diet, the risk of many serious diseases can be



reduced. Potassium is considered a very essential element for all the functions of the body, is there enough of it in your diet? Health experts say potassium is an essential nutrient for overall health. It is helpful in keeping the nerves healthy, maintaining heart beat, controlling blood pressure and maintaining flexibility in muscles. If there is a deficiency of it in the body, there can be a risk of developing many types of diseases. Potassium is important for the body in many ways - Dieticians say, potassium is one of the important minerals for the body. It helps regulate fluids in the body, send nerve signals, and control muscle contractions. About 98% of the potassium in the body is found in your cells. This mineral is very important for the functioning of the nervous system. The nervous system sends messages between your brain and body. A decrease in the level of potassium in the blood can affect the body's ability to generate nerve impulses. Protection from heart problems and arthritis - Potassium is also an essential element to keep your heart functioning properly. High blood pressure is considered to be the most problematic for the heart. A potassium-rich diet is helpful in reducing blood pressure by helping to remove excess sodium from the body. Deficiency of potassium can cause the risk of increasing sodium levels in the body. Along with this, potassium is also considered beneficial for preventing osteoporosis. Studies show that a potassium-rich diet is helpful in preventing excess calcium from being excreted through urine, which can reduce the risks of osteoporosis. How much potassium is necessary? Dietician explains, 3,400 mg of potassium is necessary for the body. The quantity may be sufficient. This can be easily fulfilled through diet. Both animal and plant-based foods contain potassium. Daily potassium can be easily obtained for the body by increasing the amount of nutritious food. Let us know in which things it is found in large quantities? Which things should be consumed? Many dietary items are rich in potassium. Potassium can be easily supplied to the body by consuming dry fruits (raisins, apricots), beans, lentils, potatoes, spinach, broccoli and avocado. This nutrient can be easily obtained by consuming dairy products and green leafy vegetables.

# These places of India are very romantic, plan to visit with your partner

Valentine's Day is a very special day celebrated every year on 14th February. On this day people express their feelings to their loved ones, friends, or spouse and make them feel special. It starts a week before Valentine's Day. On Valentine's Day, people often give each other



cards, flowers, chocolates or other gifts. Even though Valentine's Day may be celebrated in different forms in different countries, its purpose always remains the same – to feel the feeling of love and devotion and to make your loved ones feel special. If you want to make your partner feel special this Valentine's Day, then you can take them on a special trip. Many people think that there is no romantic place in India where you can visit with your partner, but it is not so. Let us tell you about some such places which are very beautiful. Shimla- If you live near Delhi, then Shimla is the best place to visit with your partner. The weather there is quite romantic throughout the year. Especially during the winter season, the view there is worth seeing. In such a situation, you can go to Shimla with your partner for two to three days. Mussoorie- Mussoorie, known as the queen of hills, is a very beautiful place to visit. If your partner likes to travel in the mountains, then take him to Mussoorie this Valentine's Day. There are many such places here, seeing which your mind will also become happy. Agra- If we are talking about love, it is not possible that there is no mention of Taj Mahal. In such a situation, you can go to visit Taj Mahal with your partner. Apart from Taj Mahal, there are many places to visit in Agra. Nainital-People often go to Nainital for sightseeing. Go here and do boating with your partner. This will increase love between you also. Ooty - Even though the cold subsides in the month of February, you will still get to see a good deal of cold in the mountains. In such a situation, you can visit Ooty with your partner during winter season.

# Alert regarding this disease increasing in North India, does your child also have such symptoms?

These days, experts have alerted about a disease increasing in children in many states of North India along with health problems occurring during cold season including cold and cough. According to media reports, cases of mumps (also known as mumps) are increasing rapidly these days in hospitals of Himachal Pradesh, Uttar Pradesh and many other states. This is a type of infectious disease which affects children the most. According to reports, health experts in Hamirpur, Himachal Pradesh have alerted everyone about the rapid spread of mumps among

small children. The Chief
have been confirmed in the
age group of 5-10 years are
also been advised to exercise
ensuring proper care in
child also a victim of this
a conversation about this
physician in Lakhlau. Singh
reported in many cities of Uttar
infectious disease that belongs
paramyxoviruses. This disease
headache, fever and fatigue,
to severe inflammation of the
common symptom is swollen
in children - Symptoms start
mumps about 2 to 3 weeks
Initially it seems like a flu-like
muscle pain, loss of desire to
causes swelling of the salivary
swelling on the face along with
such symptoms appear, a
How does this infection spread?
the virus spread in the air



Medical Officer said, more than 35 cases
district headquarters. Children in the
being most affected by it. Doctors have
caution while treating patients,
medication and medical advice. Is your
problem? Infectious disease Mumps - In
increasing infectious disease, Dr. R.N.,
says, cases of this disease have been
Pradesh recently. Mumps is an
to a group of viruses called
starts with mild symptoms like
but if not taken care of in time, it leads
salivary glands (parotitis). Its most
cheeks. Pay attention to these symptoms
appearing in children suffering from
after coming in contact with the virus.
problem in which fever, headache,
eat may occur. Within a few days, it
glands. Infected people may also have
pain and difficulty in eating. As soon as
doctor should be contacted immediately.
- Health experts say, small droplets of
when the infected people cough or

sneeze. By coming in contact with them, this infectious disease can spread to others also. This infection can also be spread to others through direct contact with the infected, such as sharing water bottles or sleeping on their bed. The risk of complications from mumps disease is higher in people who have not been vaccinated. If this infection is left untreated, it can cause damage to the pancreas. In some people, it can also cause hair loss in the long term. Treatment and prevention of this infection - People who have been vaccinated against mumps have less risk of getting this infection or taking a serious form of the disease. Make sure to get children vaccinated. This is a part of childhood vaccination. The risk of this infection can be reduced with the measles-mumps-rubella (MMR) vaccine. There is no specific treatment for this infection. In treatment, medicines are given to cure the symptoms. The patient is advised to give plenty of fluids, gargle with lukewarm salt water, and give soft, easily chewable food.

# Hrithik Roshan is facing difficulties in making 'Krrish 4', the actor shared a big update on the film

Bollywood superstar Hrithik Roshan is in the news these days for his film 'Fighter'. He is receiving praise for his acting in the film. Now while talking about the film, Hrithik has also



revealed his upcoming projects. Hrithik said that watching a superhero film can be fun, but making one is not an easy task. Along with this, he talked about the fourth part of his film 'Krrish' franchise. Responding to the continued curiosity about the film, Hrithik Roshan hinted that fans may have to wait a little longer. Talking about the challenges in bringing the superhero to life, he asked fans to be patient as the film is yet to be released. Is also moving in its place. In a recent interview, the actor said, 'It is too early to talk about Krrish 4. Work on the film is ongoing. This is something which is obviously a difficult film and you have to look at the business side of it, like the economics of it and then the depth and the script as well.' He also added that things are slowly falling into place. ''I'm smiling, I'm happy, but there's still a long way to go,'' he said. In January last year, the actor had revealed that the development of 'Krrish 4' was stuck on a minor technical issue. Expressing hope of overcoming it by the end of the year, he had said, 'Krrish 4 is definitely in the pipeline and it will come true soon.' Earlier, news had come that Hrithik Roshan had finalized the script of 'Krrish 4'. Lee and will start shooting this year, for which they are looking for a good location. According to reports, the script was written by Rakesh Roshan and Hrithik wanted the story to be great for this installment, so he reviewed the story as both father and son did not want the script to go wrong and hence Junior Roshan made some changes. Changes were made. The film franchise started with 'Koi Mil Gaya', in which Preity Zinta and Rekha were in the lead roles. It completed 20 years on August 8 this year. In its second installment 'Krrish', Priyanka Chopra was in the lead role along with Hrithik. This pair also remained in 'Krrish 3'. While fans are eagerly waiting for the next part of the superhero saga, Hrithik Roshan's film 'Fighter' has crossed the Rs 100 mark at the box office in its first weekend.

# 'I started feeling that I will not be able to make good films', Shahrukh was scared about his comeback

The year 2023 has been very special for Shahrukh Khan. After a long gap of almost four years, the actor has given three consecutive blockbuster films. The actor's films 'Pathan' and



'Jawaan' have broken records at the box office. Now recently, Shahrukh has thanked the fans. The actor has also given credit for the success of his films to his fans. Along with this, he has remembered the time when his films were continuously flopping. Recently, Shahrukh's fan club shared a video on his official social media handle X, in which King Khan said, ''Because I have been working for 33 years and you take such a big gap. Normally you feel a little nervous and you think 'Oh man! I hope I get the film right'.'' Shah Rukh further Wrote, ''Earlier there were some of my films which did not do so well, so I also started feeling that I am not making good films anymore, but I think, more than my films, there was a love which people had for Pathan, the young And for Dunki...people from this entire country and outside this country have given. I feel that the fans have taken me into their hearts more than the films.'' Shahrukh wrote while praising his fans. , ''My fans were like 'Hey man, don't go for 4 years. 2-4 months are fine. So I am very grateful to all of you, the audience and the whole world for making me realize that 'Jo I do it right and I should keep doing it again and again.'' Talking about Shahrukh Khan's work front, the actor was recently seen in the film 'Dinky'. Apart from Shahrukh Khan, stars like Boman Irani, Taapsee Pannu, Vicky Kaushal, Vikram Kochhar and Anil Grover also play important roles in this film.

# Anu had watched 'Aashiqui' after losing her memory, but could not connect herself with the girl seen on the screen.

Aashiqui fame Anu Aggarwal became a national crush at a time when this word did not even appear in the pop culture dictionary. Anu Aggarwal became a well-known name in the industry with her first romantic drama Aashiqui in 1990. After a tragic accident, the memory of Aashiqui was erased from Anu Aggarwal's mind, who was unable to even remember herself.




Anu Aggarwal recently talked about her career in a conversation and told whether she remembers the last time she watched Aashiqui. Rahul Roy and Anu Aggarwal got a different identity with the film Aashiqui directed by Mahesh Bhatt. Was. This film took both of them to great heights. Five years after her success, Anu moved away from acting without telling anyone. In 1999, when Anu met with a life-changing accident, she found herself in a coma for 29 days. He also lost his memory in this accident. Anu Aggarwal is writing a script for her comeback. Anu Aggarwal said, 'When I lost my memory after the accident, I saw the film. My mother introduced me to that film, but I could not connect with it at all. I couldn't connect with the girl on the screen. My mother kept saying that it was you. I kept watching the film like a child, but could not connect with it. Aashiqui 2 was released at that time, so she played it for me again, but I still didn't understand anything.' The actress further said, 'My mother told me look, this was your film Aashiqui and now she has played Aashiqui. 2 have been made. I asked him what is it? Because I didn't know the numbers, what one, two, three were. Anu told that even though she did not recognize herself on the screen, when she saw the film, it affected her a lot. She said, 'I couldn't even imagine that I was the girl on the screen, but I felt emotions. There were very strong emotions in the film.' He further added, 'That's why people still talk about it. At the end of the day, audiences react to what they see and throughout the movie, they were throwing money at the screen, laughing and crying. This happened because the film affects you. Anu Aggarwal is now looking for the right script to make her comeback in acting. He said, my first bread came from modeling, entertainment business and then films. I am an actress. I've been away for a very long time, but I'm here to act. I have started meeting filmmakers, I am ready and already listening to scripts. I'm going to sign something that I like.